दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 81 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | गुरुवार, 22 जनवरी 2026 | माघ माह, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# हाईकोर्ट ने प्रदेश में 93 बजरी खनन-पट्टों को किया समाप्त

## सरकार से पूछा- बजरी का पुनर्भरण कैसे होगा, नियमों के खिलाफ जाकर लीज जारी की थी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हाई कोर्ट ने प्रदेश के 93 बजरी खनन पट्टों की लीज को समाप्त कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. बृजमोहन सपूत कला संस्कृति सेवा संस्थान की जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि नियमानुसार एक बार खनन की अवधि पूरी होने के बाद वहां अगले पांच साल खनन नहीं हो सकता है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने 12 से 100 हैक्टेयर तक के छोटे ब्लॉक बनाकर पुराने खनन क्षेत्रों को फिर से नीलाम कर दिया। इस पर कोर्ट प्रदेश के 93 बजरी खनन पट्टों के ई-नीलामी आदेश को रद्द कर दिया।

**सुप्रीम कोर्ट और केंद्रीय एंपावरमेंट कमेटी की अवहेलना की-** जनहित याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा और अधिवक्ता अलंकृता शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट और केन्द्रीय एंपावरमेंट कमेटी की सिफारिश की अवहेलना करते हुए इन खनन पट्टों के ई-नीलामी निकाली।

सुप्रीम कोर्ट ने साल 2021 में सीईसी की रिपोर्ट को मंजूरी दी थी, जिसमें स्पष्ट प्रावधान किया था कि एक बार खनन अवधि पूरी होने के बाद वहां अगले पांच साल के लिए खनन काम नहीं होगा। जिससे इस अवधि में नदी में प्राकृतिक रूप से बजरी का पुनर्भरण हो सके।

**तेजी से भूजल स्तर भी गिर रहा-** याचिका में कहा गया कि इससे नदी का तल गहरा हो रहा है और भूजल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। वहीं नदी किनारे की जमीन बंजर हो रही है। याचिका में कहा गया कि प्रदेश में सालभर चलने वाली नदियां नहीं हैं। जिससे मानसून में भी इनका पूरी तरह से पुनर्भरण नहीं होता। वहीं खनन से मछली पालन स्थल भी समाप्त हो रहे हैं।

**सरकार बताए बजरी पुनर्भरण कैसे होगा-** इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को रिपोर्ट तैयार करने को कहा है कि जिस स्थान से बजरी निकाली जाएगी, वहां बजरी का पुनर्भरण कैसे होगा। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार यह रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करे और चाहे तो मामले में सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिका में इस रिपोर्ट को रखे।



## सदन का समय कीमती, संवाद से ही निकलेगा समाधान : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधान भवन में आयोजित तीन दिवसीय 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इस सम्मेलन में हुई सार्थक चर्चा और संवाद से विधायी संस्थाओं को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने की दिशा तय हुई है। उन्होंने कहा कि विचार-विमर्श के दौरान नवाचारों पर सहमति बनी, जिससे संस्थाएं जनता के और अधिक करीब पहुंचेंगी।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन में लिए गए निर्णयों और पारित संकल्पों को धरातल पर उतारने की दिशा में सभी आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में छह महत्वपूर्ण संकल्प पारित किए गए हैं, जिनमें विधायिकाओं की कार्यक्षमता बढ़ाने, तकनीक के उपयोग और जनभागीदारी को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में 36 घंटे तक चपरंपराओंली चर्चा में वर्ष 2047 के विजन डॉक्यूमेंट पर गंभीर मंथन हुआ, जो लोकतांत्रिक के लिए एक सकारात्मक उदाहरण है। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन में विधानसभाओं की लगातार घटती बैठकों की संख्या पर चिंता व्यक्त की गई और इसे बढ़ाने पर व्यापक सहमति बनी। यदि विधानसभाओं में सकारात्मक सोच के साथ काम किया जाए, तो निश्चित रूप से बेहतर और परिणामोन्मुखी निर्णय सामने आएंगे। सदन की कार्यवाही को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई है। ओम बिरला ने कहा कि आगामी समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से सांसदों और विधायकों की क्षमता संवर्धन किया जाएगा, ताकि वे अधिक प्रभावी ढंग से जनहित के मुद्दों को उठा सकें और आधुनिक चुनौतियों का समाधान कर सकें। उनकी सबसे बड़ी चिंता सदन में लगातार हो रहा गतिरोध और व्यवधान है।

# ग्रीनलैंड चाहिए, लेकिन ताकत का इस्तेमाल नहीं करेंगे : डोनाल्ड ट्रम्प

## उसकी हिफाजत अमेरिका के अलावा कोई नहीं कर सकता; हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरत

बढ़ता राजस्थान

**जेनेवा (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका के अलावा कोई और देश नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी ग्रीनलैंड की जरूरत है। ट्रम्प ने अपने भाषण में कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अमेरिका ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा। यह आज की शाम का सबसे बड़ा ऐलान है। ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध करने के लिए उन्होंने डेनमार्क को अहसान फरामोश कहा। डब्ल्यूईएफ में अपने भाषण की शुरुआत में ट्रम्प ने कहा- खूबसूरत दावोस वापस आकर अच्छा लग रहा है। यहां कई बिजनेस लीडर्स, कई दोस्त, कुछ दुश्मन और खास मेहमान मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है।

### ट्रम्प बोले- उन्होंने मुझे डैडी कहा, फिर डैडी कैसे बुरा बन गया

ट्रम्प ने अपनी ताकत और रुतबे को लेकर मजाकिया अंदाज में खुद की तारीफ भी की। उन्होंने कहा, पिछली बार उन्होंने मुझे 'डैडी' कहा था। एक बहुत समझदार आदमी ने कहा था कि वही हमारे डैडी हैं, वही सब चला रहे हैं। मैं सच में सब चला रहा था। फिर ऐसा क्या हुआ कि जो सब चला रहा था, वही अचानक बहुत बुरा इंसान बना दिया गया। आपको बता दें कि ट्रम्प ने जून 2025 में नाटो चीफ मार्क रुट ने भी मजाक में ट्रम्प का बचाव करते हुए कहा था कि कभी-कभी डैडी (ट्रम्प) को सख्त भाषा का इस्तेमाल करना पड़ता है।

### ट्रम्प बोले- यूक्रेन जंग की जिम्मेदारी यूरोप की, अमेरिका से वह जगह बहुत दूर

ट्रम्प ने कहा कि दुनिया में युद्ध खत्म कराने के लिए उन्होंने जो काम किया, उसकी कद्र सहयोगी देश नहीं करते हैं। यह सब अमेरिका को बहुत भारी नुकसान उठाकर करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस काम में बहुत मेहनत और बहुत पैसा लगाया, लेकिन बदले में उसे सिर्फ मौत, तबाही और भारी खर्च ही मिला। उनके मुताबिक यह पैसा ऐसे लोगों पर खर्च हुआ जो अमेरिका की तारीफ नहीं करते। उन्होंने साफ कहा कि वह नाटो और यूरोप की बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की जिम्मेदारी यूरोप की होनी चाहिए, क्योंकि अमेरिका वहां से बहुत दूर है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि नाटो देशों को अपने बजट में इजाफा करना चाहिए।



### ग्रीनलैंड की जगह आइसलैंड बोल गए ट्रम्प

शेयर बाजार में गिरावट पर बोलते समय ट्रम्प ने ग्रीनलैंड की जगह आइसलैंड का नाम ले लिया।ट्रम्प ने कहा, कल हमारा शेयर बाजार पहली बार आइसलैंड की वजह से गिरा। आइसलैंड ने हमें पहले ही काफी नुकसान पहुंचाया है।

### ट्रम्प बोले- ग्रीनलैंड एहसान फरामोश, 6 घंटे में हार गया था, हमने मदद की

ट्रम्प ने डेनमार्क की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि डेनमार्क एहसान फरामोश है। ट्रम्प के मुताबिक, दूसरे विश्व युद्ध में डेनमार्क अपनी रक्षा नहीं कर पाया और तब अमेरिका ने उसकी मदद की थी, इसके बावजूद वह आज ग्रीनलैंड का नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध में डेनमार्क सिर्फ छह घंटे में जर्मनी से हार गया था। उस समय वह न तो खुद की रक्षा कर सका और न ही ग्रीनलैंड की।

### ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए ताकत का इस्तेमाल नहीं करूंगा : ट्रम्प

ट्रम्प ने पहली बार साफ तौर पर कहा है कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए वह ताकत का इस्तेमाल नहीं करेंगे। ट्रम्प ने कहा, अमेरिका आमतौर पर किसी से कुछ मांगता नहीं है और इसलिए उसे कुछ मिलता भी नहीं है। अगर मैं चाहूं तो बहुत ज्यादा ताकत और सैन्य शक्ति का इस्तेमाल कर सकता हूं, तब हमें कोई रोक नहीं सकता। लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहता। मैं बल प्रयोग नहीं करूंगा।

### ट्रम्प बोले- ग्रीनलैंड अमेरिका का इलाका है

ट्रम्प ने कहा कि ग्रीनलैंड की रणनीतिक अहमियत बहुत ज्यादा है। यह इलाका बहुत बड़ा है, लगभग खाली है और वहां न के बराबर विकास हुआ है। ग्रीनलैंड अमेरिका, रूस और चीन के बीच एक बेहद अहम जगह पर है और इसकी सही तरह से सुरक्षा नहीं हो रही है। ट्रम्प ने कहा कि जैसे-जैसे दुर्लभ धातुओं का महत्व बढ़ा है, वैसे-वैसे ग्रीनलैंड की अहमियत भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड उत्तरी अमेरिका का हिस्सा है और इसलिए यह अमेरिका का इलाका है।

# केदारनाथ का पुनरुद्धार किया, बद्रीनाथ समेत 35 धामों को रेनोवेट करेंगे : अमित शाह

## सीएम धामी बोले- कश्मीर के लिए हजारों उत्तराखंडी शहीद

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून।** गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। ऋषिकेश में उन्होंने गीता प्रेस के कार्यक्रम में कहा- मेरी तीन पीढ़ियों ने यानी की दादी, मां और पोती ने भी गीता कल्याण को पढ़ा है। इसके साथ ही उन्होंने मंच से कहा कि गीता प्रेस की 'कल्याण' पत्रिका ने 100 सालों से सनातन संस्कृति की ज्योति जलाए रखी है।

शाह ने अपने भाषण में केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम का भी जिक्र किया। शाह ने कहा कि देशभर में 35 से ज्यादा तीर्थों को पुनर्जागृति (रेनोवेट) के लिए और व्यवस्था ठीक करने पर विचार हो रहा है। इससे पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा- देवभूमि उत्तराखंड के हजारों युवाओं ने कश्मीर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। मोदी जी ने 370 हटाकर देश को मजबूत और सुरक्षित किया।



### सीएम धामी- कश्मीर की रक्षा हजारों युवाओं ने प्राण न्योछावर किए

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गीता प्रेस समाज को मूल्यों और संस्कारों से जोड़ रहा है। गीता प्रेस के कल्याण पत्रिका का शताब्दी अंक ऐतिहासिक है। उन्होंने अमित शाह के सान्निध्य को गौरव बताया और कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 हटने से देश मजबूत और सुरक्षित हुआ। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड के हजारों युवाओं ने कश्मीर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं।

### मंच से शाह ने कही 5 बड़ी बातें...

**कल्याण' को सनातन चेतना का सबसे मजबूत माध्यम बताया:** अमित शाह ने कहा कि सनातन धर्म को अमर बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास हुए हैं, लेकिन उनमें सबसे मजबूत प्रयास 'कल्याण' पत्रिका है। उनके मुताबिक, 'कल्याण' ने लगातार सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति से जुड़े विचारों को आगे बढ़ाया और यह 100 साल की बड़ी उपलब्धि है।

**100 साल में 'सज्जन शक्ति' को संगठित करने का दावा:** उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे लोगों की कमी कभी नहीं होती, कमी होती है उनके संगठित होने की। अमित शाह के अनुसार, यही काम 'कल्याण' ने पिछले 100 साल में किया। उन्होंने 1926 से 2026 तक की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि पत्रिका ने सनातन धर्म के अनुयायियों की सज्जन शक्ति को जोड़ने का काम किया।

**कल्याण' के योगदान को अतुलनीय बताया:** अमित शाह ने कहा कि जो लोग भारत और भारतीय संस्कृति को नहीं समझते, वे गीता प्रेस और 'कल्याण' के काम का सही मूल्यांकन नहीं कर सकते। उनके मुताबिक, जो भारत को जानते हैं, वे भी यह मानते हैं कि इस योगदान का आकलन करना किसी के बस की बात नहीं है, क्योंकि यह अतुलनीय है।

**शताब्दी समारोह को 'सात्विक' और बिना चकाचौंध वाला बताया:** उन्होंने कहा कि कई संस्थाओं के शताब्दी समारोहों में करोड़ों रुपए खर्च होते हैं, लेकिन यहां माहौल अलग दिखा। अमित शाह ने आयोजन की सादगी का जिक्र करते हुए कहा कि संतों की उपस्थिति में सात्विक तरीके से 100वां अंक प्रकाशित किया गया। साथ ही उन्होंने ट्रस्टियों से कहा कि इस परंपरा को बनाए रखें, ताकि आने वाले समय में 200वां अंक भी प्रकाशित हो सके।

**बद्रीनाथ धाम का जिक्र किया, धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार की बात कही:** अमित शाह ने कहा कि बद्रीधाम का स्केच पूरा बन चुका है। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में कई तीर्थों को पुनः जागृति देने और वहां व्यवस्थाओं पर काम हो रहा है।

# राहुल बोले- ब्रिटिश-मुगलों जैसे बीजेपी वाले भी चले जाएंगे

## पार्टी में अनुशासन सख्ती से लागू हो; हरियाणा-उत्तराखंड के जिलाध्यक्षों को मार्शल आर्ट सिखाया

बढ़ता राजस्थान

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कुरुक्षेत्र में हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों से मुलाकात की। इसमें हरियाणा के 32 जिलाध्यक्ष और उत्तराखंड के 28 जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। संगठन सृजन अभियान के तहत यह ट्रेनिंग कैंप लगाया गया था। राहुल गांधी ने करीब 4 घंटे धर्मशाला में गुजारे। इस दौरान उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को कहा कि वह गांव-गांव जाकर लोगों को अपने साथ जोड़ें। जिस तरह से देश से मुगल और ब्रिटिश चले गए, एक दिन भाजपा वाले भी चले जाएंगे। राहुल ने कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद, विधायक दल नेता भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से अलग मुलाकात की। जिसमें राहुल ने उन्हें कहा कि पार्टी में अनुशासन को सख्ती से लागू करें। इस दौरान कई जिला अध्यक्षों ने राहुल से शिकायत की कि प्रदेश के कई नेता पार्टी विरोधी बयानबाजी करते हैं। मीडिया में खबरें लीक की जाती हैं। जिससे भाजपा को बैठे-बैठाए मुद्दा मिल जाता है। राहुल ने 2027 में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि चुनाव में अपने क्षेत्र में तो काम करना है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में भी पब्लिक के बीच जाना होगा। एक राज्य से दूसरे राज्य में ड्यूटी भी लगेगी। फिर वहां पर भी पार्टी के लिए काम करना है।



जिसके बाद राहुल गांधी ने पार्टी विरोधी गतिविधि और बयानबाजी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। इस दौरान राहुल गांधी ने फुल ड्रेस में आधे घंटे तक जिला अध्यक्षों को मार्शल आर्ट की दांव-पेंच भी सिखाए। राहुल गांधी बुधवार सुबह अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर उतरे। इसके बाद वह करीब 11.19 बजे कुरुक्षेत्र पहुंचे। सबसे पहले वह जिला अध्यक्षों के परिवार से मिले। उनके साथ फोटो खिंचवाई। फिर लंच हुआ। उसके बाद जिला अध्यक्षों के साथ ट्रेनिंग सेशन हुआ। राहुल गांधी ने माहौल को हलका करने के लिए कहा कि लोग मेरे उलटे-सीधे नाम रखकर मजाक उड़ाते हैं लेकिन मैं परवाह नहीं करता।

# डीग शहर में नगर परिषद ने जे सी बी से हटाए आधा दर्जन अस्थाई अतिक्रमण, 15 लोगों के चालान कर वसूला जुर्माना

## डीग शहर में आयुक्त कुलदीप सिंह के निर्देशन में गणेश मंदिर से शहीद स्थल तक चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** नगरपरिषद प्रशासन द्वारा डीग शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत बुधवार को जे सी बी की सहायता से गणेश मंदिर से शहीद स्थल तक लगभग आधा दर्जन अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए और 15 लोगों के चालान काटे गए । नगर परिषद प्रशासन आयुक्त कुलदीप सिंह के निर्देशन में बुधवार की अपराह्न गणेश मंदिर से जैसे ही नगर परिषद की टीम ने जे सी बी लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार अपनी दुकानें के आगे रखा सामान बोर्ड आदि हटाने में जुट गए। इसके बाद नगर परिषद की अतिक्रमण हटओ टीम द्वारा जे सी बी की सहायता से पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में आधा दर्जन अतिक्रमणों को हटाया गया। इस दौरान अतिक्रमण को लेकर 15 लोगों के चालान काटते हुए मौके पर ही 13 हजार 500 रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। नगर परिषद आयुक्त कुलदीप सिंह ने बताया कि शहर के बाजारो में दुकानों के आगे सरकारी भूमि पर किए गए अस्थाई अतिक्रमणों और बाजारों में एक स्थान पर खड़े रहने वाली ढकेलो के कारण जाम के हालात बनने से शहर वासियों को आवागमन के दौरान परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने दुकानों के आगे सामान रख कर रास्ता अवरुद्ध करने वालों को चेतावनी दी है कि यदि रास्ते में दुकानों के आगे सामान रखा पाया गया और रास्ते में ढकेले खड़ी पाई गई तो नगर परिषद द्वारा उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इस अवसर पर अतिक्रमण हटाओ टीम के प्रभारी गौरव जांगिड़ , सचिन शर्मा ,नीटू पाराशर, राजा राम गुर्जर ,भूरी सिंह सहित अन्य नगर परिषद कार्मिक मौजूद रहे।



# सिरोही के बाहर ही बाहर से निकलेंगे बाहरी वाहन

- सीएम विजिट को लेकर यातायात डाइवर्जन की एडवायजरी
- करोंटी, किंवरली, मानपुर व सारणेश्वरजी से निकलेंगे वाहन

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दौरे की तैयारियों को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पुलिस-प्रशासन की ओर से ट्राफिक एडवायजरी जारी कर वाहनों का डाइवर्जन किया गया है। इसके तहत रेवदर में करोंटी, आबूरोड में किंवरली व मानपुर, पिण्डवाड़ा एवं सिरोही में सारणेश्वरजी के समीप से वाहनों का डाइवर्जन किया गया है।

### मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए डाइवर्जन

पुलिस के अनुसार गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित अरविन्द पैवेलियन में मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए यह डाइवर्जन किया गया है। यह व्यवस्था सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों के सुगम आवागमन को देखते हुए यह डाइवर्जन व पार्किंग व्यवस्था रहेगी।

### सीएम की सभा के लिए पार्किंग प्रबंध

उधर, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों के लिए अलग-अलग जगह पार्किंग प्रबंध किए गए हैं। इसके तहत अग्रवाल छात्रावास, दशहरा मैदान, श्रम विभाग परिसर इमानुएल स्कूल के पास, रिजर्व पुलिस लाइन, अनादरा चौराहा स्थित खेत समेत अन्य जगहों पर पार्किंग के प्रबंध रहेंगे।

### इस तरह रहेगी डाइवर्जन का रास्ता

- जालोर-जावाल से पाली की ओर जाने वाले वाहनों के लिए जावाल, गोल होते हुए पालड़ी एम की तरफ डाइवर्जन रहेगा।
- जालोर-जावाल से पिण्डवाड़ा की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए गोयली से मांडवा होते हुए सारणेश्वर पुलिया की तरफ डाइर्वजन रहेगा।
- जालोर बरलूट से सिरोही होते हुए रेवदर की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए बरलूट, कालंद्री, डोडुआ, वेलांगरी होते हुए रेवदर की तरफ डाइवर्जन रहेगा।

# विकसित भारत योजना पर कांग्रेस नेता देवांश सिंह का तीखा हमला

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** विकसित भारत योजना को लेकर कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट देवांश सिंह ने केंद्र सरकार पर सीधा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार चुनावी माहौल में जनता के बीच भ्रम और उम्मीद का कृत्रिम वातावरण तैयार कर राजनीतिक फायदा उठाना चाहती है। सिंह का कहना है कि विकसित भारत योजना कागज़ी तौर पर आकर्षक जरूर दिखाई देती है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह महज नया चुनावी पैकेज भर है, जिसका उद्देश्य वोट हासिल करने के लिए विकास का सपना परोसा जाना है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीते वर्षों में केंद्र सरकार ने कई योजनाएँ शुरू कीं, लेकिन न बेरोज़गारी कम हुई और न ही लोगों पर आर्थिक दबाव घटा। उन्होंने आरोप लगाया कि नए नामों और चमकदार पैकेजों के पीछे सिर्फ राजनीतिक नारेबाज़ी छिपी हुई है, जिसका असली लाभ किसान, युवा, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों तक नहीं पहुँच पा रहा। सिंह ने इस योजना को 'जनता को भ्रमित करने वाला नया राजनीतिक पैकेज' बताते हुए कहा कि बीजेपी हर चुनाव से पहले नए स्लोगन ले आती है, लेकिन जब काम की समीक्षा होती है तो विकास आंकड़ों में नजर नहीं आता। देवांश सिंह ने सरकार से सवाल किया कि विकसित भारत योजना में रोजगार बढ़ाने, कृषि सुधार और आर्थिक सुरक्षा के कौन से ठोस कदम शामिल हैं और इससे आखिर कौन-सा वर्ग लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि देश में महँगाई और बेरोज़गारी रिकॉर्ड स्तर पर है और ऐसे समय में केवल योजनाओं के नाम बदलने से विकास नहीं आएगा। सिंह का दावा है कि जनता अब कागज़ी विकास और वास्तविक सुधारों में अंतर समझने लगी है और एकतरफा घोषणाओं की राजनीति को चुनौती देने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यही मुद्दे सत्ता की जवाबदेही तय करेंगे।

# वीआईपी के स्वागत में तोड़ी चारदीवारी व उखाड़ा साइन बोर्ड

### मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए दीवार तोड़ बनाया रास्ता



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही( नि.स. )।** वीआईपी के स्वागत में अरविंद पैवेलियन की चारदीवारी को तोड़ा गया है। वहीं, क्रिकेट एकेडमी के लिए लगाया साइन बोर्ड भी उखाड़ दिया गया। यह तोड़फोड़ मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए की गई है। बताया जा रहा है कि अरविंद पैवेलियन में आगमन के लिए गोयली चौराहे के समीप चारदीवारी तोड़कर एक नया रास्ता खोला गया है। इस जगह पैदल लोगों लिए एक छोटा सा दरवाजा था, लेकिन सभा स्थल पर आवाजाही के लिए दीवार तोड़ी गई है। साथ ही रेत डालकर रास्ता समतल किया गया है। इसी तरह पैवेलियन से सटी टाउन हॉल की पिछली दीवार के समीप से साइन बोर्ड उखाड़ा गया है। संभवतया मुख्यमंत्री इसी रास्ते से आवाजाही करेंगे।



**खस्ताहाल सड़कों से नहीं गुजरेंगे सीएम**-पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री हवाई पट्टी से सीधे सभा स्थल पहुंचेंगे। ऐसे में वे शहर की सड़कों से नहीं गुजरेंगे। यही कारण है कि शहर से गुजर रहे हाईवे एवं सभा स्थल से सटी सड़कों के हाल बेहाल ही है। यहां तक कि सभा स्थल तक आने वाली गोयली चौराहा व तीन बत्ती चौराहे की सड़क पूरी तरह खस्ताहाल है एवं आए दिन हादसे हो रहे हैं।

# प्रागपुरा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का विशेष व्याख्यान

## प्रख्यात शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के नए आयामों से कराया परिचित

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (क्र) के अंतर्गत विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी आधारित विशेष मार्गदर्शन एवं परामर्श व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रख्यात शिक्षाविद मूलचंद वैश्य मुख्य अतिथि रहे, जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि मूलचंद वैश्य ने विद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच, तार्किक दृष्टि और रचनात्मकता न केवल विद्यार्थियों का भविष्य संवर्धित करती है, बल्कि देश की तकनीकी क्षमता को भी नई दिशा देती है। प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने कहा कि विज्ञान-तकनीक एवं गणित आधारित करियर परामर्श से विद्यार्थियों को भविष्य के लक्ष्यों की पहचान करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक एवं नवाचार उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को सशक्त दिशा प्रदान करता रहेगा।

कार्यक्रम में प्रकाश चंद गुर्जर, निखिल गुप्ता और पूनम यादव ने नवाचार आधारित करियर संभावनाओं, आधुनिक शोध संस्थानों, स्टार्टअप संस्कृति तथा उभरते तकनीकी क्षेत्रों पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रयोगशीलता एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

सुनिल कुमारी यादव ने कहा कि वैज्ञानिक शिक्षा विद्यार्थियों में समस्या समाधान, संवाद कौशल तथा नवाचार क्षमता का विकास करती है। संजीता देवी ने बताया कि रोबोटिक्स, एआई, एयरोस्पेस, हेल्थ टेक, डेटा साइंस एवं अनुसंधान संस्थानों में करियर संभावनाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान आधारित भविष्य अत्यंत संभावनाशील है।

शिक्षक अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों से जोड़ते हुए कौशल विकास एवं करियर अवसरों से परिचित कराना था। विशेषज्ञों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से विद्यार्थियों के प्रश्नों का समाधान करते हुए विज्ञान एवं तकनीक का संबंध जीवन, समाज एवं रोजगार से जोड़कर समझाया।

इस अवसर पर व्याख्याता धोलाराम यादव, रामजीलाल गुर्जर, मुकेश जाट, वरिष्ठ शिक्षक गोविंद सिंह शेखावत, मुकेश कुमार यादव, उमाशंकर योगी, रजनी बाला योगी, सुनील कुमार यादव, धनी यादव, सुशीला कुमारी मीणा, कृष्णा यादव, पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'आयकर विभाग द्वारा रजिस्टर्ड नॉन प्रोफिट ओर्गेनाईजेशन अन्डर इनकम टेक्स एक्ट-2025 विषय पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** आयकर विभाग ने रजिस्टर्ड नॉन प्रोफिट ओर्गेनाईजेशन अन्डर इनकम टेक्स एक्ट-2025 विषय पर विद्या विहार विद्यालय में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर पेशेवर,शैक्षणिक संस्थानों के ट्रस्टी और संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित 50 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया।

प्रधान आयकर आयुक्त (छूट), जयपुर मनोज कुमार महर एवं अपर आयकर आयुक्त (छूट), जयपुर मनोज कुमार के निर्देशन में आयकर अधिकारी (छूट) उदयपुर हेमपाल चैधरी ने कार्यक्रम के दौरान एक्ट की बहुपयोगी जानकारी दी। आयकर अधिकारी (छूट) चैधरी ने कार्यक्रम को संबोधित किया और प्रक्रियात्मक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में आयकर अधिनियम, 2025 में आयकर में नॉन प्रोफिट ओर्गेनाईजेशन को मिलने वाली छूट व नए अधिनियम में वर्णित धाराओं व उप- धाराओं में होने वाले बदलाव व सरलीकरण पर एक व्यापक प्रस्तुति दी गई, जिसके बाद सदन में हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा की गई एवं साथ ही प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दिया और आयकर अधिनियम के प्रावधानों और संबंधित दिशानिर्देशों पर स्पष्टता प्रदान की। इस कार्यक्रम को उपस्थित लोगों ने सराहा एवं अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। जिन्होंने कर अधिकारियों से सीधे जुड़ने और पंजीकरण एवं अनुमोदन प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने के अवसर की सराहना की। इस तरह की पहल करदाताओं के बीच पारदर्शिता बढ़ाने और अनुपालन को सुगम बनाने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय कराते प्रतियोगिता में मास्टर साकेत सांवरिया का चयन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गुरुनानक स्कूल, सेक्टर-4 के होनहार छात्र मास्टर साकेत सांवरिया का चयन 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय कराते प्रतियोगिता के लिए होने पर विद्यालय, खेल जगत एवं क्षेत्र में हर्ष की लहर है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 से 29 जनवरी तक बारामती, पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित की जाएगी।

मास्टर साकेत सांवरिया ने जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। उनके चयन में उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का विशेष योगदान रहा है।

मास्टर साकेत सांवरिया शिहान हरीश कुमार के मार्गदर्शन में द जील मार्शल आर्ट एंड फिटनेस पॉइंट में कराते का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रेंशी हरीश कुमार ने बताया कि यह चयन न केवल खिलाड़ी के लिए बल्कि उदयपुर के कराते खेल के लिए भी गर्व की बात है।

विद्यालय प्रशासन, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने मास्टर साकेत को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी हैं।



# हेमू कलानी शहादत दिवस पर आधारित रंग भरो प्रतियोगिता का सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ भारतीय सिंधु सभा एवं शहीद हेमू कलानी स्वतंत्र रोवर क्रू राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के संयुक्त तत्वाधान में अमर शहीद हेमू कालाणी जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में जंभेश्वर पब्लिक माध्यमिक विद्यालय अनूपगढ़ में रंग भरों प्रतियोगिता संपन्न हुई। संरक्षक मलकीयत सिंह गिल, प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर मनसुख सारस्वत, टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष अमरचंद कुक्कड़,सिंधु सभा जिला सरक्षक भगवान दास मीठिया, स्थानीय संघ सचिव राजाराम डाल, जिलाध्यक्ष रमेश शेवकानी, स्थानीय अध्यक्ष अशोक शर्मा कार्यक्रम प्रभारी मोहित डाल , समाजसेवी लीलाधर मीठिया, प्रधानाचार्य विक्रम डाल ने शहीद हेमू कलानी चित्र पर दीप प्रजनन कर की।

मुख्य वक्ता मनसुख सारस्वत ने शहीद हेमू कलानी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रंगभरों प्रतियोगिता केवल एक कला है प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह बच्चों के माध्यम से शहीदों की स्मृति को जीवंत रखने का प्रयास है।

स्थानीय संघ सरक्षक मलकीयत सिंह गिल ने प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब बच्चे रंगों के माध्यम से हेमू कालाणी जी के विचारों, साहस और बलिदान को कागज पर उतारते समय देशभक्ति के संस्कार सिखते हैं।

जिलाध्यक्ष रमेश शेवकानी ने बताया कि रंग भरने के लिए अमर बलिदानी हेमू कलानी व भारत माता के स्क्रैच वाली रंग भरो प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। निर्णायक मंडल के सिंधी समाज अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं समाजसेवी लीलाधर मीठिया ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान के प्रतिभागियों का चयन किया। जिसमें प्रथम स्थान सुमन, द्वितीय राधा तथा तीसरा स्थान चंद्रशेखर ने प्राप्त किया।

# सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां प्री प्राइमरी के बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी को आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर 1970 के दशक की यादों को ताजा किया गया और बच्चों ने अपने ग्रैंड पेरेंट्स के साथ खूब आनंद लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई। इस अवसर पर नगर निगम उदयपुर की पूर्व महापौर रजनी डांगी और जेसी बिश्वास भी मौजूद थे।

1970 के दशक की भारतीय संस्कृति, जीवनशैली और मनोरंजन के साधनों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने पुराने खेल जैसे स्टापू गेम, रोलिंग टायर गेम, बलून डार्ट गेम, और रिंग टॉस में भाग लिया। ग्रैंड पेरेंट्स ने अपने पसंदीदा गीतों पर नृत्य किया और बच्चों के साथ सेल्फी ली।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके ग्रैंड पेरेंट्स के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना और उनके अनुभवों से बच्चों को सीखने का अवसर प्रदान करना था।

संस्था के चेयरमेन डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बच्चों का दादा-दादी व नाना-नानी के प्रति लगाव और पुराने खेलों, पुरानी चीजों को समझना है।

निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने बताया कि स्कूल समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम करता है जिससे बच्चों को अपनों से और पुरानी चीजों से सीखने को मिले।

# किकरवाली सीनियर स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत किकरवाली सीनियर सैकेंण्डरी स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकगण और अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से श्री विक्रम ज्याणी ने कहा नशा कोई आदत नहीं, पहचान छीन लेने वाली बीमारी है और इससे दूर रहने का फैसला आज करना ही सच्ची जीत है। भावनात्मक और तर्कपूर्ण उदाहरणों के माध्यम से बताया कि नशा कैसे सपनों को धीरे-धीरे खा जाता है, परिवार की उम्मीदों को तोड़ता है और समाज से व्यक्ति को अलग कर देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अम्बरीश कुमार ने कहा यह कार्यशाला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक चेतना का आह्वान है क्योंकि भविष्य वही बनाता है, जो नशे के साथ न बह जाए, भविष्य वही बनाता है जो सही फैसला सही समय पर ले। विद्यार्थियों ने सामूहिक संकल्प लिया कि हम नशे से दूर रहेंगे, अपने मित्रों को भी दूर रखेंगे और अपनी पहचान मेहनत, चरित्र और सेवा से बनाएंगे।



## महिला स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के कोकून हॉस्पिटल में महिलाओं के लिए मेनोपॉज़ल हेल्थ अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र में क्लीनिकल हेड एवं सीनियर कंसल्टेंट ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, डॉ. हिमानी शर्मा ने पेरी-मेनोपॉज़ और मेनोपॉज़ के दौरान होने वाले शारीरिक व हार्मोनल बदलावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लक्षणों की शुरुआती पहचान, समय पर मेडिकल सलाह लेने की ज़रूरत और हार्मोनल बैलेंस के तीन मुख्य पिलर्स बैलेंस्ड न्यूट्रिशन, स्ट्रेंथ-बेस्ड एक्सरसाइज़ और स्ट्रेस मैनेजमेंट पर खास ज़ोर दिया। यह सेशन महिलाओं को इस लाइफ़ स्टेज में कॉन्फिडेंस और सही हेल्थ इंफॉर्मेशन के प्रति जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण रहा।

## मुस्लिम महासभा खंडेला के चुनाव हुए संपन्न, इम्तियाज पीर बने अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**खंडेला (नि.स.)।** विधानसभा क्षेत्र की मुस्लिम महासभा की खंडेला में मंगलवार को मीटिंग आयोजित की गई। आयोजित मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए इमरान मंसूरी ने पिछले 4 साल के कार्यकाल में किए गए समाज सेवा के कार्यों की रिपोर्ट एवं आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मीटिंग के दौरान नई कार्यकारिणी गठित की गई जिसमे सर्व सहमति से अध्यक्ष इम्तियाज पीर को चुना गया व उपाध्यक्ष नजाकत अली को बनाया गया। साथ ही पार्षद जमील अहमद,अजीम सरपंच, अकील शैख़, महासचिव पार्षद शोएब अख्तर, नबाव पेंटर, जावेद पठान,युसूफ अंसारी सचिव वाजिद खान,पार्षद असलम व कोषाध्यक्ष जाबिद खान, सलाहकार जाईद शैख़, क़ानूनी सलाहकार एडवोकेट सजाउ खां, संरक्षक पार्षद इमरान खान, इमरान मंसूरी सदस्य - रियाज कुरैशी,सद्दाम मंसूरी, आबिद खान, अयूब शैख़, सलमान कुरैशी, नदीम काजी, नोइद पीर,असलम कुरैशी,बाबू पीर, बुंदू ,समीर काजी आदि को सर्वसहमति से स्वीकार किया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सहायता कोष से 1 लाख रुपये की राशि स्वीकृत, सौंपा चैक

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देशानुसार प्रार्थी स्व. कृष्ण कुमार पुत्र जयराम कुमार की मृत्यु होने पर 01 लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत की गई। उक्त स्वीकृति की पालना में प्रार्थी स्व. कृष्ण कुमार की मृत्यु होने पर उनकी आश्रित पत्नि पिंकी धाबाई को 01 लाख रुपये की राशि का चैक जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी द्वारा प्रदान किया गया।

## एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने देखी गणतंत्र दिवस की तैयारियां



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बुधवार को राजकीय एलबीएस पी.जी, महाविद्यालय, कोटपूतली के खेल मैदान में गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिषा निर्देश प्रदान किये। एडीएम ने परेड का संचालन देखा एवं खेल बाउण्ड्री व मैदान सफाई के संबंध में नगर परिषद आयुक्त को मौके पर ही निर्देश प्रदान किये। उन्होंने परेड कर रहे प्रतिभागियों के लिये पेयजल की उचित व्यवस्था सहित मैदान पर धूल ना उड़े, इसके लिये पानी छिडक़ाव करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियाँ सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आगंतुकों हेतु बैठक व्यवस्था, मंच, झंडारोहण, पीटी, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संबंध में चल रही तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

## सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की शानदार उपलब्धिः कौशल प्रदर्शनी में अंकिता प्रथम व यशस्वी द्वितीय

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जयपुर के बजाज नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय



स्किल एग्जीबिशन कम कॉम्पिटिशन 2025-26 में कोटपूतली के सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।गत 20 जनवरी 2026 को आयोजित इस भव्य प्रतियोगिता में जिले के लगभग 210 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न वोकेशनल ट्रेड्स में एक से बढक़र एक आकर्षक और नवाचारी मॉडल्स प्रस्तुत किए, जो उनके कौशल और रचनात्मकता का प्रमाण थे।कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सरदार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने दो मुख्य श्रेणियों में स्थान प्राप्त किया अंकिता सैनी- 'फूड प्रोसेसिंग' ट्रेड में अपने उत्कृष्ट मॉडल के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यशस्वी सैनी अपनी तकनीकी दक्षता दिखाते हुए द्वितीय स्थान पर रहीं। संस्था प्रधान नरेश कुमार बंसल ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजेताओं को बधाई दी।

# अब कानून के डर से भागेंगे चोर आमजन को मिला शीघ्र न्याय

### जिले में चोरी की बढ़ती घटनाओं को जिला न्यायाधीश ने लिया गंभीरता से

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि शर्मा द्वारा विगत 15 दिसम्बर 2025 को कार्यग्रहण के पश्चात उनके द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्नोई से बैठक आयोजित कर जिले में चोरी एवं उद्दीपन जैसे मामलों में आमजन को शीघ्र राहत प्रदान करने हेतू प्रथम सूचना रिपार्ट दर्ज होने के बाद अतिशीघ्र नतीजा पेश करने के निर्देश दिये गये। जिसके परिणामस्वरूप चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण देखते हुये पुलिस, अभियोजन और न्यायपालिका का आपसी समन्वय स्पष्ट नजर आने लगा है।



जिला न्यायाधीश द्वारा नये किमिनल कानून, ई-साक्ष्य के अधिक उपयोग हेतु निर्देश दिये गये। इसका बेहतरीन उदाहरण एसीजेएम क्रम 01 कोटपूतली द्वारा चोरी के प्रकरण का निस्तारण 10 दिवस में कर प्रस्तुत किया गया। जिसमें 19 सितम्बर 2025 को एक मोटरसाईकिल चोरी के प्रकरण में 14 दिसम्बर 2025 को चोर को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध 19 दिसम्बर 2025 को नतीजा पेश किया गया। न्यायाधीश द्वारा शीघ्र सुनवाई करते हुये 24 दिसम्बर 2025 को निर्णय करते हुये अपराधी को दो वर्ष के कारावास एवं 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। जिला न्यायाधीश रवि शर्मा द्वारा इतिहास रचते हुये 05 दिवस में फौजदारी अपील का निस्तारण किया गया। 15 जनवरी 2026 को जिला न्यायाधीश के समक्ष अपील प्रस्तुत हुई, जिस पर फास्ट ट्रेक सुनवाई करते हुये 19 जनवरी 2026 को निर्णय सुनाया गया। साथ ही जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायालय प्रक्रिया में नवाचार लाये गये। जिनके फलस्वरूप प्रकरणों में नकल प्रार्थना पत्र पेश होने पर उसी दिन प्रार्थी को नकल उपलब्ध करवाई जाती है। गवाहों जैसे की डॉक्टर, पुलिसकर्मी एवं अन्य सरकारी गवाहों के आने जाने की असुविधा को दृष्टिगत रखते हुये वी.सी. के माध्यम से बयान लेखबद्ध करवाये जाने लगे हैं, जिससे प्रकरणों में शीघ्र सुनवाई की जाती है। साथ ही न्यायालय में उपस्थित होने वाले गवाहों को न्यायालय के माध्यम से खर्च दिलवाये जाने का भी नवाचार अमल में लाया जा रहा है। इस प्रकार शीघ्र न्याय मिलने से आमजन का न्यायपालिका, अभियोजन एवं पुलिस पर भरोसा मजबूत हुआ और चोरों में भय पैदा हुआ हैं।

## धर्म ध्वजा की स्थापना कर विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज



बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत)।** केशव बस्ती, चौमूँ नगर में आयोजित होने वाले आगामी 'विराट हिंदू सम्मेलन' को लेकर उत्साह चरम पर है। रविवार, 25 जनवरी 2026 को होने वाले इस भव्य आयोजन के निमित्त आज केशव बस्ती के महेश नगर और द्वारकापुरी कॉलोनी में जन-संपर्क अभियान चलाया गया। समिति के उपाध्यक्ष महेश नाणका के निर्देशन में कार्यकर्ताओं ने प्रभात फेरी निकाली और घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पत्रक बांटे और लोगों को विशाल हिंदू सम्मेलन की जानकारी दी। साथ ही, आयोजन के उपलक्ष्य में निकलने वाली कलश यात्रा के लिए कूपन भी काटे गए। संपर्क के दौरान सकल हिंदू समाज के लोगों ने 'भारत माता की जय' के जयकारों के साथ टोली का स्वागत किया। विशेष रूप से महिलाओं में कलश यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अब तक लगभग 800 महिलाओं ने कलश यात्रा के लिए अपना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करवा लिया है। समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा बालिका आदर्श विद्या मंदिर में कार्यक्रम को लेकर धर्म ध्वजा की पंडित बनवारी लाल भात्रा ने विधिवत पूजन कर स्थापना करवाई। जन-संपर्क अभियान के दौरान सचिव अटल मेठी,संरक्षक राधेश्याम जी, विष्णु, प्रमोद दाधिच, मनीष चतुर्वेदी, राजेन्द्र गुलिया, कन्हैयालाल थावरिया,शंकर जिंदल, धर्मेंद्र पुरुषोत्तम शर्मा,पुष्कर,योगेश सैनी,अजय सैनी,पृथ्वी,कृष्णा टेलर,विक्की शर्मा,मौसम सैनी, ममता पारासर,सुनीता देवी,माया देवी,तारा देवी,कांता, अक्षत खंडेलवाल और नरेश जैसे कई गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रींगस में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 168 यूनिट रक्त संग्रहित

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** स्वर्गीय नन्छी देवी दंबीवाल की पुण्य स्मृति में उनकी नौवीं पुण्य तिथि के अवसर पर बुधवार को रींगस स्थित जेडी हॉस्पिटल हार्ट एंड ट्रॉमा सेंटर में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और कुल 168 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। शिविर में रींगस ब्लड बैंक एवं बालाजी ब्लड बैंक की टीमों ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेश मील, गैलेक्सी कोचिंग एंड डिफेंस एकेडमी के निदेशक सुनील कुमावत, पार्षद अमित कुमावत एवं नरेंद्र कुमावत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं प्रभु दयाल कुमावत, बाबूलाल कुमावत, मुखाराम जाखड़, झाबर मल जाखड़ तथा श्रीराम कुमावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉ. आर.एस. जाखड़ के नेतृत्व



में चिकित्सकीय टीम ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सुरक्षित रक्तदान के महत्व पर जानकारी दी। चिकित्सकीय टीम ने सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद रक्त संग्रहण किया। जेडी हॉस्पिटल के एमडी दीपक कुमावत एवं मदन जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय नन्छी देवी दंबीवाल की स्मृति में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चतरपुरा पंचायत समिति बानसूर

क्रमांक : पंसबा / ग्रा.पं. चतरपुरा / लेखा/2026/191 दिनांक :- 20.1.2026

### ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत चतरपुरा द्वारा कार्य हेतु शर्त रहित निविदा सिंगल स्टेज द्वि-लिफाफा पद्धति में इच्छुक पंजीकृत फर्मों / संवेदको से आमंत्रित की जाती है। UBN No. PAI2526WSRC00075 TO PAI2526WSRC00076 निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कार्यों की अनुमानित लागत 14.00 लाख रूपये है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चतरपुरा, पं.स. बानसूर
(कोटपूतली–बहरोड)

प्रशासक
ग्राम पंचायत चतरपुरा, पं.स. बानसूर
(कोटपूतली–बहरोड)


## तेज रफ्तार थार ने फिर बरपाया कहर

# प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहीं 18 वर्षीय युवती को कुचला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुरलीपुरा थाना इलाके में स्थित एक्सप्रेस-हाईवे पर शांति बाग के समीप बुधवार को तेज रफ्तार काले रंग की थार ने एयरफोर्स फिजिकल की तैयारी कर रही थी 18 वर्षीय युवती को कुचल दिया।

हादसे में युवती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घबराए थार चालक ने भागने के प्रयास में कई अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी। लेकिन भागने में सफल नहीं होन पर थार चालक गाड़ी छोडक़र मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने थार को जब्त कर उसके रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर चालक की तलाश शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि झुंझुनूं निवासी अनाया शर्मा (18) जयपुर में अपनी बहन के साथ एयरफोर्स फिजिकल की तैयारी कर रहीं थी। रोज की तरह वो अल-सुबह जॉगिंग करने के लिए निकली थी। तभी शांति बाग के पास तेज रफ्तार थार ने उसे कुचल दिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल अनाया ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद थार चालक ने भागने का प्रयास करते हुए कई अन्य वाहनों को टक्कर मारी और दादी का फाटक के पास थार छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने थार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और गैर इरादन हत्या का मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

**एयरफोर्स में सिलेक्शन होने से पहले जिंदगी से हारी जंग**

बताया जा रहा है कि एयरफोर्स की तैयारी कर रहीं अनाया शर्मा ने परीक्षा पास कर ली थी और कुछ ही समय में उसका फिजिकल होने वाला था। लेकिन एयरफोर्स में सलेक्शन होने से पहले ही वो अपनी जिंदगी की जंग हार गई। तेज रफ्तार थार उसके लिए काल बन कर आई और उसे हमेशा-हमेशा के लिए शांत कर दिया।

## किन्नर गुरु के मकान में लगी भीषण आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आदर्श नगर थाना इलाके में स्थित महंतो की बगीची के पास किन्नर गुरु मुन्नी बाई के मकान में अचानक से भीषण आग लग गई। जिसके बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। मकान में से धुंआ निकलता देख पड़ोसी ने मुन्नी बाई व पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले ही लाखों रुपयों का सामान आग की भेंट चढ़ गया। गनीमत रहीं की आग में पांच सौ के नोटो की गड्डी और सोने-चांदी के कीमती आभूषण आग की भेंट चढने से बच गए।

## विद्यार्थियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय का किया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय हंस लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर का भ्रमण किया। निदेशक उमेश बंसल ने कॉलेज से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बंसल ने विधार्थियों को न्यायालय में अनुशासन में रहते हुये न्याय प्रणाली को ध्यानपूर्वक देखने व समझने के लिये कहा। विद्यार्थियों ने न्यायिक प्रक्रिया को सीखा एवं जमानत प्रार्थना-पत्र, साक्ष्य रिकॉर्ड, प्रतिवाद पत्र जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया।न्यायालय में विद्यार्थियों ने कोर्ट कक्ष, बार कक्ष एवं लोक अभियोजन कक्ष का भ्रमण किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि शर्मा ने छात्रों को न्यायालय प्रक्रिया को विस्तार से बताया तथा मेहनत कर अच्छे अधिवक्ता बनकर राष्ट्र, समाज एवं परिवार में सहयोग की बात कही। अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अंजूम खान ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताया। सीजेएम डिम्पल जंडैल ने विद्यार्थियों को सिविल एवं फौजदारी वाद की प्रक्रिया को समझाया। एडीजे प्रथम राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कार्यवाहियों में निरन्तर भाग लेने के लिये प्रेरित कर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–तृतीय, बीसलपुर परियोजना, देवली

### ई- निविदा सूचना संख्या 14 वर्ष 2025-26 कार्यों की विवरण सूची

1. कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन निर्माण खण्ड-तृतीय, बीसल० परि०, देवली
2. निविदा की कुल लागत राशि रू0 55,28,301/- (39 कार्य)
3. निविदा का कार्य नहर संचालन एवं नहर की देखरेख से सम्बन्धित है।
4. निविदा की अवधि।

| | |
|---|---|
| Period for down loading tender documenta | From 16.01.2025 to 22.01.2026 |
| Perod for uploading tender documents. | upto 22.01.2026 05:00 PM |
| Date and time for opening of Technical and Financial bid | 23.01.2026 11.00 AM |

नोटः निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट www.dipronling.org. in www.waterresources. rajasthan.gov.in एवं निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | WRD2526WSOB 02143 | 21. | WRD2526WSOB 02163 |
| 2. | WRD2526WSOB 02144 | 22. | WRD2526WSOB 02164 |
| 3. | WRD2526WSOB 02145 | 23. | WRD2526WSOB 02165 |
| 4. | WRD2526WSOB 02146 | 24. | WRD2526WSOB 02166 |
| 5. | WRD2526WSOB 02147 | 25. | WRD2526WSOB 02167 |
| 6. | WRD2526WSOB 02148 | 26. | WRD2526WSOB 02169 |
| 7. | WRD2526WSOB 02149 | 27. | WRD2526WSOB 02171 |
| 8. | WRD2526WSOB 02150 | 28. | WRD2526WSOB 02172 |
| 9. | WRD2526WSOB 02151 | 29. | WRD2526WSOB 02174 |
| 10. | WRD2526WSOB 02152 | 30. | WRD2526WSOB 02175 |
| 11. | WRD2526WSOB 02153 | 31. | WRD2526WSOB 02176 |
| 12. | WRD2526WSOB 02154 | 32. | WRD2526WSOB 02178 |
| 13. | WRD2526WSOB 02155 | 33. | WRD2526WSOB 02180 |
| 14. | WRD2526WSOB 02156 | 34. | WRD2526WSOB 02183 |
| 15. | WRD2526WSOB 02157 | 35. | WRD2526WSOB 02184 |
| 16. | WRD2526WSOB 02158 | 36. | WRD2526WSOB 02185 |
| 17. | WRD2526WSOB 02159 | 37. | WRD2526WSOB 02186 |
| 18. | WRD2526WSOB 02160 | 38. | WRD2526WSOB 02187 |
| 19. | WRD2526WSOB 02161 | 39. | WRD2526WSOB 02188 |
| 20. | WRD2526WSOB 02162 | | |

NIB. WRD2526A0624
DIPR/C/1044/2026

अधिशाषी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-तृतीय
बीसल०परि० देवली।

# सम्पादकीय

## हदें पार करते ट्रंप, बचकानी हरकतों से उनके साथ-साथ अमेरिका की भी हो रही फजीहत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अराजक व्यवहार अपनी हदें पार करता जा रहा है। अपनी बचकानी हरकतों के साथ वे ऐसी टिप्पणियां भी कर रहे हैं, जो उनके साथ-साथ अमेरिका की भी फजीहत का कारण बन रही हैं। वे पूरी दुनिया और यहां तक कि अपने मित्र राष्ट्रों के बीच भी आलोचना, निंदा और उपहास का पात्र बन गए हैं। इसके बावजूद उनके विचित्र व्यवहार पर कोई लगाम लगती नहीं दिख रही है। पिछले दिनों उन्होंने नार्वे के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आठ से अधिक युद्ध रोकने पर भी उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया गया, इसलिए अब शांति उनकी जिम्मेदारी नहीं। नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे की संसद की ओर से नियुक्त समिति की ओर से दिया जाता है। इसका यह मतलब नहीं कि नार्वे सरकार जिसे चाहे, उसे यह पुरस्कार दे दे, लेकिन भला ट्रंप को इस सबसे क्या मतलब? वे नोबेल शांति पुरस्कार पाने के पहले भी अधिकारी नहीं थे और वेनेजुएला पर हमला करके उसके राष्ट्रपति का अपहरण करने के बाद तो वे इस पुरस्कार के लिए पूरी तौर पर अयोग्य हो गए हैं। उन्हें केवल वेनेजुएला पर हमला करने से ही चैन नहीं मिला। सैन्य दृष्टि से इस कमजोर देश पर हमला कर वहां कठपुतली सरकार कायम करने के बाद वे शर्म-संकोच और अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को धता बताकर डेनमार्क के स्वायत्तशासी क्षेत्र ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए उतावले हो उठे हैं। इसके लिए वे यूरोपीय देशों को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। वे उन पर टैरिफ लगाने और ग्रीनलैंड को हासिल न करने तक उसे बढ़ाते जाने की धमकी दे रहे हैं। एक समय अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया के दारोगा की तरह व्यवहार किया करते थे। ट्रंप उनसे आगे निकलकर बिगड़ैल और अहंकारी दारोगा की तरह व्यवहार कर रहे हैं। गत दिवस उन्होंने अपने कक्ष की एक फोटो जारी की, जिसकी दीवार पर लगे मानचित्र में वेनेजुएला और ग्रीनलैंड के साथ कनाडा को भी अमेरिकी क्षेत्र में दिखाया गया। इसे छिछलेपन की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा। पिछले दिनों उन्होंने फलस्तीनी क्षेत्र गाजा के लिए एक योजना पेश की। इसके लिए उन्होंने जिस शांति निकाय को गठित किया, उसमें भारत समेत कई देशों को शामिल होने का निमंत्रण दिया। जब फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इसका सदस्य बनने से इन्कार किया तो उन्होंने फ्रांस से आयात होने वाली वाइन और शैंपेन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे दी। उनकी टैरिफ नीति से भारत समेत दुनिया के अधिकांश देश पीडि़त है। अब जब यह स्पष्ट है कि ट्रंप



की मनमानी थमने वाली नहीं, तब फिर विश्व के प्रमुख राष्ट्रों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह उनकी दादागीरी का मिलकर सामना करने के लिए एकजुट हों। इसके अलावा और कोई उपाय नहीं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

- 22 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 2015 - उक्रेन के दोनेत्स्क में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत।
- 2009- फ़िल्म स्लमडॉग मिलेनियर का ऑस्कर के लिए नामांकन हुआ। सरकार ने सार्वजनिक निजी भागीदारी आधार वाली तीन बंदरगाह परियोजनाओं को मंज़ूदी दी।
- 2008-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता लालकृष्ण आडवाणी को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान भावी प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने के प्रस्ताव का समर्थन किया।
- पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान में लाक्या क़िले पर आतंकवादियों के हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गये।
- 2006 -श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने विद्रोही संगठन लिट्टे से बातचीत की पेशकश की।
- इवा मोराल्स ने बोलीविया के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- 2002 - फ़िलिस्तीनी शहर तुल्कोरम पर इस्रायल का कब्ज़ा, अफग़ानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए टोकियो में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की बैठक में 3.5 अरब डॉलर की मदद की घोषणा।
- 1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर मोनिका लेविंस्की ने अवैध शारीरिक संबंध स्थापित करने का आरोप लगाया।
- 1996 - कैलीफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की।
- 1970 - बोइंग 747 का न्यूयॉर्क एवं लंदन के बीच पहली व्यावसायिक उड़ान शुरु हुई।
- 1993 - इंडियन एयरलांइस का विमान औरंगाबाद मे दुर्घटनाग्रस्त, 61 यात्रियों की मौत।
- 1981 - रोनाल्ड रीगन का सं.रा. अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- 1963 - देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।
- 1924 - रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने।
- 1905 - रूस के सेंट पीट्सबर्ग में मजदूरों पर गोलियां चलाई गयी जिसमें 500 से ज्यादा लोग मरे।

विशेष आलेख

# देश का बॉस मोदी,हर कार्यकर्ता का बॉस नितिन नबीन



डॉ नयन प्रकाश गांधी



भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में नेतृत्व केवल सत्ता संचालन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि वह दृष्टि, संकल्प, संगठन और जनविश्वास का समन्वित रूप बन चुका है,जो सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के कर दिखाया है' आज जब देश वैश्विक मंच पर एक आत्मविश्वासी भारत के रूप में खड़ा है, तब इस परिवर्तन के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व दिखाई देता है। वहीं, संगठनात्मक राजनीति के भीतर कार्यकर्ताओं को जोडने, उन्हें दिशा देने और संगठन को गतिशील बनाए रखने की भूमिका में नितिन नबीन एक ऐसे नेता के रूप में उभरते हैं, जिन्हें सही अर्थों में 'हर कार्यकर्ता का बॉस' कहा जा सकता है। यही कारण है कि 'देश का बॉस मोदी, हर कार्यकर्ता का बॉस नितिन नबीन'केवल एक शीर्षक नहीं, बल्कि आज की राजनीतिक वास्तविकता का सार है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि नेतृत्व का अर्थ आदेश देना नहीं, बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करना है। उनका कहना रहा है कि सच्चा नेता वही होता है जो सबसे आगे चलकर रास्ता दिखाए और सबसे पीछे रहकर अपनी टीम का मनोबल बढ़ाए। मोदी के इसी नेतृत्व दर्शन ने भारत को एक नई दिशा दी है,चाहे वह सुशासन हो, विकास हो, राष्ट्रीय सुरक्षा हो या वैश्विक कूटनीति। इसी दर्शन की प्रतिध्वनि संगठन के भीतर नितिन नबीन के कार्य-व्यवहार में भी सुनाई देती है।नितिन नबीन का राजनीतिक व्यक्तित्व संगठन की मिट्टी से निकला हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ता के रूप में राजनीति की बारीकियों को समझा, संगठन के विभिन्न स्तरों पर काम किया और नेतृत्व की जिम्मेदारियों को अनुभव के साथ आत्मसात किया। यही कारण है कि वे केवल शीर्ष नेतृत्व के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि जमीनी कार्यकर्ताओं की आवाज़ भी बनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक उद्बोधन में कहा था कि 'संगठन वही मजबूत होता है, जहां कार्यकर्ता स्वयं को नेतृत्व का हिस्सा समझे।' नितिन नबीन इसी भावना को साकार करते हैं।भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। करोड़ों सदस्यों वाली यह पार्टी केवल संख्या में ही नहीं, बल्कि संगठनात्मक अनुशासन, वैचारिक स्पष्टता और जनसंपर्क की दृष्टि से भी अद्वितीय है। भाजपा का यह विस्तार स्वतः नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे मजबूत नेतृत्व और समर्पित संगठनकर्ताओं की लंबी श्रृंखला है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चले सदस्यता अभियानों ने पार्टी को जन-जन से जोड़ा, तो नितिन नबीन जैसे नेताओं ने उस जनशक्ति को संगठनात्मक ऊर्जा में बदला। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता है,वह कार्यकर्ता जो बूथ स्तर पर पार्टी की रीढ़ बनता है, जो बिना किसी पद या अपेक्षा के संगठन के लिए कार्य करता है। नितिन नबीन का नेतृत्व इसी कार्यकर्ता-केंद्रित सोच पर आधारित है। वे संवाद को प्राथमिकता देते हैं, कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हैं और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाते हैं। यही कारण है कि संगठन के भीतर उन्हें केवल एक पदाधिकारी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और संरक्षक के रूप में देखा जाता है।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषणों में नेतृत्व क्षमता की जो कसौटी रखी है—अनुशासन, परिश्रम, स्पष्ट दृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा 'नितिन नबीन 'उस कसौटी पर खरे उतरते दिखाई देते हैं। वे संगठन को केवल चुनावी मशीन नहीं मानते, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन का माध्यम समझते हैं। सेवा, समर्पण और संगठन,ये तीनों तत्व उनके नेतृत्व की पहचान हैं।आज की राजनीति में विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है। जनता का विश्वास प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों और निर्णयों से अर्जित किया है। वहीं संगठन के भीतर वही विश्वास नितिन नबीन ने अपने व्यवहार, पारदर्शिता और निरंतर संवाद से स्थापित किया है। मोदी ने कहा है कि 'विश्वास टूटने में समय नहीं लगता, लेकिन उसे बनाने में वर्षों लगते हैं।' नितिन नबीन इस सत्य को भली-भांति समझते हैं और इसलिए संगठनात्मक फैसलों में संतुलन औरसंवेदनशीलता बनाए रखते हैं।युवा भारत आज राजनीति से अपेक्षा करता है कि उसे अवसर मिले, उसकी बात सुनी जाए और उसे नेतृत्व में भागीदारी मिले। नितिन नबीन का संवाद कौशल और आधुनिक दृष्टिकोण उन्हें युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाता है। वे युवाओं को केवल भीड़ नहीं, बल्कि भविष्य के नेतृत्व के रूप में देखते हैं। यह वही सोच है, जिसकी प्रशंसा प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उद्बोधनों में की है,जहां युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की धुरी माना गया है। संकट प्रबंधन किसी भी नेतृत्व की असली परीक्षा होता है। चाहे संगठन के भीतर मतभेद हों या राजनीतिक चुनौतियाँ, नितिन नबीन ने धैर्य और दृढ़ता के साथ परिस्थितियों को संभाला है। वे तात्कालिक प्रतिक्रिया के बजाय दीर्घकालिक समाधान पर विश्वास रखते हैं। यह दृष्टि प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व शैली से मेल खाती है, जहां कठिन निर्णय लेने से पीछे नहीं हटते, लेकिन हर निर्णय राष्ट्रहित में होता है।राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे दायित्व के संदर्भ में नितिन नबीन का नाम इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि वे संगठन और नेतृत्व के बीच सेतु का कार्य कर सकते हैं।

# बालिकाएँ बोझ नहीं बहारें हैं

## राष्ट्रीय बालिका दिवस



नफीस आफरीदी,बजाज नागर, जयपुर

*बालिकाएँ केवल परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि समाज की निरंतरता, संवेदना और नैतिक चेतना का आधार होती हैं। फिर भी इतिहास के लंबे दौर में बालिकाओं के प्रति समाज की सोच समान, न्यायपूर्ण और सम्मानजनक नहीं रही।*

किसी भी समाज की प्रगति का सही पैमाना यह होता है कि वह अपनी बालिकाओं के साथ कैसा व्यवहार करता है। जिस समाज ने भी बलिकाओं के प्रति अपना नज़रिया बदला है वहाँ बालिकाएँ बोझ नहीं बहारें बन गई और उन्होने अपने कौशल, बुद्धि और सोच से परिबर, समाज और देश का मस्तक ऊंचा किया है। बालिकाएँ केवल परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि समाज की निरंतरता, संवेदना और नैतिक चेतना का आधार होती हैं। फिर भी इतिहास के लंबे दौर में बालिकाओं के प्रति समाज की सोच समान, न्यायपूर्ण और सम्मानजनक नहीं रही। कभी उन्हें बोझ माना गया, कभी पराया धन समझा गया और कभी उनकी आकांक्षाओं को परंपरा के नाम पर दबा दिया गया।आज भारत एक परिवर्तनशील समाज है, जहाँ बालिकाओं के प्रति सोच धीरे-धीरे बदल रही है परंतु यह बदलाव अभी भी धीमा। प्राचीन भारतीय समाज में बालिकाओं की स्थिति पूरी तरह नकारात्मक नहीं थी। वैदिक काल में उन्हें शिक्षा का अधिकार प्राप्त था और वे बौद्धिक विमर्श में भाग लेती थीं। किंतु समय के साथ सामाजिक संरचना कठोर होती गई। मध्यकाल तक आते-आते बालिकाओं को घरेलू भूमिकाओं तक सीमित कर दिया गया। उनकी शिक्षा, स्वतंत्रता और निर्णय क्षमता को नियंत्रित किया जाने लगा। धीरे-धीरे समाज में यह धारणा गहराती गई कि बालिका परिवार पर आर्थिक बोझ है। उसका मुख्य उद्देश्य विवाह है और उसकी सुरक्षा के नाम पर उसकी स्वतंत्रता सीमित की जानी चाहिए। यहीं से बालिकाओं के प्रति नकारात्मक सोच की जड़ें मजबूत होती चली गईं। पुत्र जन्म को वंशवृद्धि और सहारे का प्रतीक माना जाता है, जबकि बालिका जन्म को चिंता और जिम्मेदारी के रूप में देखा जाता है। इस सोच के पीछे लिंग अनुपात में असंतुलन,भ्रूण हत्या,बालिकाओं के प्रति उपेक्षा जैसी गंभीर समस्याएँ सामने आईं। हालाँकि कानून और जागरूकता अभियानों ने स्थिति में सुधार किया है, लेकिन मानसिकता का पूर्ण परिवर्तन अभी भी चुनौती बना हुआ है। आज अनेक माता-पिता बेटियों को समान या उससे अधिक शिक्षा दिलाने के पक्षधर हैं। फिर भी यह बदलाव पूरे समाज में समान रूप से नहीं पहुँचा है। बालिकाओं के प्रति समाज की सोच में सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच एक बड़ा विरोधाभास दिखाई देता है । अक्सर कहा जाता है कि बालिकाओं की सुरक्षा के लिए उनकी आज़ादी सीमित करना आवश्यक है। इसके परिणामस्वरूप उनके पहनावे पर नियंत्रण,आने-जाने की पाबंदियाँ, सपनों और करियर पर रोक लगाई जाती हैं। बालिकाओं के प्रति समाज की सोच का सबसे कठोर रूप बाल विवाह में दिखाई देता है। हालाँकि यह कानूनन अपराध है, फिर भी कुछ क्षेत्रों में यह सामाजिक स्वीकृति के साथ जारी है।इन चुनौतियों के बीच समाज में कई सकारात्मक बदलाव भी दिख रहे हैं। आज बेटियों के जन्म पर उत्सव मनाया जा रहा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान जागरूकता बढ़ा रहे हैं। बालिकाएँ शिक्षा, खेल और विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। मीडिया, साहित्य और सिनेमा में भी अब बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा है।

## लघुकथा
बढ़ता राजस्थान

### छोटा-सा लड़का

शून्यता में झाँकती, पथराई आँखें, प्रश्नों को सुलझाने में लगी थीं ।सन्नाटा इतना कि दिल को कचोट लेती। हल्की-सी गर्म हवा बह रही थी। ऐसे ही बीती थी वो शाम, घर के पीछे वाले बरामदे में बैठे हुए, मैं और भाई। और दोनों चुप... मानो कोई जीव है ही नहीं। बचपन के किस्से मुझे हमेशा से लुभाते रहे हैं। लेकिन उस दिन भाई ने कुछ ऐसा कह दिया था, कि मन में उठा तूफ़ान आज तक शांत नहीं हो पाया। गुस्सा, घृणा, ग्लानि, दर्द और उदासीनता के सम्मिश्रण से उपजा एक ऐसा एहसास था, जो उनके चेहरे पर छाया हुआ था । बचपन की तो आधी से ज़्यादा बातें मुझे याद भी न थीं। भाई ने बात कुछ इस तरह शुरू की--छोटा-सा लडक़ा, 10 साल का, बाप के मर जाने के बाद घर का सामान खरीदने दुकान पहुँचा। पिताजी का अकाउंट था वहाँ, क्योंकि हर महीने उधार पर राशन आता था। ज्और जब पिताजी पैसे जुटा पाते तब उधार भरते! पिताजी ने मरने से पहले सारा उधार चुका दिया था । लेकिन आगे के उधार के लिए कोई प्रावधान तो किया ही नहीं था। छोटा-सा लडक़ा हाथ में थैला लिए दुकान पहुँचा उधार पर सामान खरीदने। दुकानदार ने उस दिन माँ-बहन की ऐसी गाली दी थी...वह छोटा-सा लडक़ा आज तक घर वापस नहीं आया। उसका छोटा-सा मन वहीं कहीं दफ्न हो गया। दुकानदार ने उसे गाली देते हुए दुकान से बाहर ढकेल दिया । उसने थैला उठाया और चलने लगा । किस दिशा में उसे कोई सुध न थी। वह सोचता रहा कि ऐसा क्या हुआ, क्या मैं छोटा हूँ.. मैं गरीब हूँ... मेरे पास पैसे नहीं... हमारा अकाउंट बंद हो गया.... या मेरा बाप मर गया है ... इसलिए दुकानदार ने उधार देने से मना कर दिया।घर पहुँचते ही माँ के पूछने पर उसने जवाब दिया-- दुकान आज बंद है, शायद बड़े साहब के यहाँ पार्टी चल रही है। घर पहुँचते-पहुँचते वह छोटा-सा लडक़ा बड़ा हो गया था। अगले दिन पता चला कि बगल वाले दुकानदार साहब इस भद्दे दुकानदार से कहीं अच्छे आदमी हैं। चावल, आटे की बोरी को पीठ पर लादकर ग्राहक के घर तक पहुँचाने के लिए, झाड़ू-पोंछा लगाने के लिए और दुकान में सामान सजाने के लिए पूरे 10 रुपये मिले थे, उस छोटे-से लडक़े को।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए अनार, फायदे की जगह होगा नुकसान



जिन लोगों को लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो, उन्हें अधिक मात्रा में अनार का सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार में में पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो ब्लड वेसल्स को रिलैक्स करके ब्लड प्रेशर कम करने में मदद करते हैं। ऐसे में, जिन लोगों को पहले से ही लो ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो ज्यादा अनार खाने से उनका ब्लड प्रेशर और लो हो सकता है। ब्लड प्रेशर अचानक कम होने के कारण उन्हें चक्कर आना, धुंधला दिखना या बेहोशी जैसी समस्याएं हो सकती है। जिन लोगों को पाचन संबंधी समस्याएं हैं, उन्हें भी अनार का ज्यादा सेवन करने से परहेज करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर ठंडी होने के कारण इसे पचाने में दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा, इसमें टैनिन मौजूद होता है, जो गैस, क्रैम्प्स और डायरिया जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। ऐसे में, कमजोर पाचन या आईबीएस से ग्रसित लोगों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। सर्जरी से कम से कम दो हफ्ते पहले अनार खाना बंद करने की सलाह देते हैं। दरअसल, यह ब्लड क्लॉटिंग और एनेस्थीसिया को प्रभावित कर सकता है, जिससे ऑपरेशन के दौरान ब्लीडिंग या जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए पुराने कर्जों से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा और आप बेफिजूल के खर्चों में ज्यादा बढ़ेंगे, जिससे आप अपनी आर्थिक स्थिति को कमजोर करेंगे, लेकिन शेयर मार्केट में आपको अच्छा मुनाफा होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। कोई सरकारी काम यदि आपका लंबे समय से पेंडिंग था।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा, नहीं तो बेवजह के लड़ाई-झगड़े बढ़ेंगे और आप अपने पिताजी के साथ किसी बिजनेस डील को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और आप अपने किसी दूर रह रहे परिजन से मिलने जाने की भी प्लानिंग कर सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति के प्रति के लिए रहेगा। आपका भगवान के भक्ति में खूब मन लगेगा और कोई बिजनेस डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपने यदि किसी बैंक से कर्जा लेने का सोचा था, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर करना होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उनकी अपने आसपास रहने लोगों से अच्छी जान पहचान रहेगी और बॉस भी उनके कामों से काफी खुश रहेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी माता जी से कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे और आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा।

**मकर**
आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, क्योंकि उन्हें किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिल सकता है। आप अपने जीवनसाथी को शॉपिंग पर लेकर जा सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में योजनाओं में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे और आपको किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से भी अच्छा लाभ मिल सकता है।

**मीन**
आज आप किसी नए वाहन की खरीदारी की आप योजना बना सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखानी होगी। विद्यार्थी यदि किसी पढ़ाई-लिखाई से संबंधित समस्या को लेकर परेशान है।

## टोडारायसिंह में आज आयोजित होगा एक दिवसीय खाद्य लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन शिविर

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार शुरू करने के लिए अपना लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके लिए टोडारायसिंह उपखण्ड में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर भवन एसबीआई बैंक के सामने बस स्टैण्ड टोडारायसिंह में एक दिवसीय शिविर का आयोजन 22 जनवरी को किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि राज्य के खाद्य सुरक्षा व औषधि नियत्रंण आयुक्त डॉ0 टी. शुभमंगला की ओर से जारी दिशा निदेशानुसार टोंक जिले में समस्त उपखण्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाकर टोंक जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो के आस पास से जुड़े खाद्य कारोबारियों के लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के लिए एक दिवसीय शिविर में खाद्य कारोबारियों के साथ विचारगोष्ठी का आयोजन कर खाद्य व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 मदन लाल गुर्जर ने सभी प्रकार के खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि शिविर में पहुंचकर अपना लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनवाएं। बिना खाद्य लाईसेंस के व्यवसाय करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सजा का प्रावधान है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त खाद्य पदार्थ कारोबार से जुडे विक्रेताओं, निर्माताओं, थोक, फुटकर, फेरीवाले, केटरिंग, ट्रांसपोर्ट, फूड प्रोडक्शन विक्रय करने, मेडिकल स्टोर्स, स्वयं सहायता समूह, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों में संचालित केंटीन, राजकीय व निजी वेयर हाउस, मदिरा दुकानें, दूध विक्रेता, डेयरी, चायपान, दुकान, फल, सब्जी, मांस- अंडे विक्रेता, चाट-पकौडी ठेले वाले, हाट बाजार, मण्डी कारोबारी (अनाज मण्डी/फल मण्डी/ सब्जी मण्डी, चाट-पताशी ठेला, कचौरी-समोसा,किराणा व्यापारी, मिठाई नमकीन वाले इत्यादि) में खाद्य कारोबार करने वाले सभी से कहा है कि वे शीघ्र शिविर में पहुंचकर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिए आवेदन करें।

## महात्मा गांधी राजकीय स्कूल को 4 लाख रूपए कीमत की सामग्री भेंट



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** मंगलवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में स्टेट ऑफ इण्डिया जयपुर मण्डल की तरफ से 50 सेट फर्नीचर, एक 65 इंच का एलईडी एवं एक आर. ओ. वाटर कूलर भेंट किया गया, जिसकी कीमत चार लाख रूपए है। उक्त भेंट बूंदी के एजीएम तन्मय राय चौधरी, टोंक के शाखा प्रबंधक ऋतुराज जारवाल और सिद्धार्थ जैन की मौजूदगी में दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल मीणा, प्रधानाचार्य मनीष कुमार जैन, डॉ. ममता मीणा, मनीषा जैन, गिजाला हाशमी, लोशानी वशिष्ठ, मोईन अहमद, मोना चौधरी, मुजफ्फर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## एसआईआर प्रक्रिया अन्तर्गत होने वाली अनियमितता को लेकर कांग्रेसजनों ने सोपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**अलीगढ़,(याकूब अली)।** एसआईआर प्रक्रिया अन्तर्गत होने वाली अनियमितता को लेकर बुधवार को कांग्रेस कमेटी अलीगढ़-उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद धाकड़ के नेतृव्य में कांग्रेसजनों ने उनियारा स्थित उपखण्ड़ अधिकारी कार्यालय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (उनियारा एसड़ीएम) विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा के नाम ऑफिस कानूनगो पप्पू लाल खंगार को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में समय में निर्वाचन विभाग द्वारा चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत दावे व आपत्तियां ली जा रही है लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इस प्रक्रिया का दूरूपयोग कर झूठे प्रपत्र भरकर निर्दोष नागरिकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे है। सम्पूर्ण ब्लॉक अलीगढ़ निर्वाचन विभाग द्वारा उक्त नामों को विलोपित किया गया है जो निराधार है, इस सम्बन्ध में झूठे प्रपत्र तैयार कर अवैध रूप से नामों को काटा जा रहा है। जो कि न्योयाचित नही है। मतदाता सूची से हटाये गये नामों को पुन: जोड़ा जाना अत्यन्त आवश्यक है। एसआईआर में दावे नाम पृथक करवाये जाने वाले अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने तथा फार्म संख्या छह-सात-आठ की संकलित सूची उपलब्ध करवाने की मांग की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजू लाल चैधरी, जगदीश धाकड़, धर्मराज मीणा, पार्षद धर्मप्रकाश शर्मा, पार्षद इमरान खॉन, कमरूद्दीन चौधरी,हाजी याकूब अली कायमखीनीगुलाबचंद मीणा, गणेश नारायण जोशी, विनोद मीणा, अमान मियां सहित कई कांग्रेसजन मोजूद रहे है।

# डेंगू के खिलाफ जंग: राजस्थान अव्वल 22 साल बाद पहली बार जीरो डेथ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के आम नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है कि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार साल 2025 में डेंगू से एक भी मौत नहीं हुई। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि इसी साल राज्य में डेंगू के 4,335 मामले सामने आए थे। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2003 में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम शुरू होने के बाद यह पहला साल है, जब डेंगू से शून्य मौतें दर्ज की गई हैं।




### डेंगू के मामलों और मौतों में लगातार कमी

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि बीते कुछ सालों में डेंगू के मामलों और उससे होने वाली मौतों में लगातार गिरावट आई है। जहां 2021 में डेंगू के 20,141 मामले सामने आए थे, वहीं 2022 में यह संख्या 12,979 रही। 2023 में 13,924 और 2024 में 12,514 मामले दर्ज किए गए। इसके मुकाबले 2025 में सिर्फ 4,335 मामले सामने आए, जो एक बड़ी कमी को दर्शाता है। मौतों की बात करें तो 2021 में डेंगू से 62 लोगों की जान गई थी। 2022 में मौतों की संख्या घटकर 10 रह गई, 2023 में 14, 2024 में 5 और 2025 में एक भी मौत नहीं हुई। इसी के साथ केस फेटेलिटी रेट यानी बीमारी से मरने की दर भी 2021 के 0.31 प्रतिशत से घटकर 2025 में शून्य हो गई।

### सरकारी प्रयास और जागरूकता बनी सफलता की वजह

स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सफलता के पीछे राज्यभर में चलाए गए रोकथाम और जागरूकता अभियान की बड़ी भूमिका रही। मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए समय पर कदम उठाए गए और लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा बारिश के पैटर्न में आए बदलाव के कारण भी मच्छरों के फैलाव पर असर पड़ा। सरकार ने 'चेक, क्लीन, कवर: स्टेप्स टू डिफीट डेंगू' अभियान के तहत पानी जमा होने वाले स्थानों की जांच, सफाई और ढकने पर जोर दिया। इससे मच्छरों के पनपने की जगह कम हुई और बीमारी के फैलाव पर नियंत्रण पाया गया। 2018 में राज्य सरकार ने डेंगू की रोकथाम, इलाज और प्रबंधन को लेकर एक गजट अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत अस्पतालों, डॉक्टरों और अन्य संबंधित लोगों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया कि वे डेंगू, मलेरिया और एच1एन1 से होने वाली मौतों की जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। साथ ही, डेंगू के पॉजिटिव मामलों की पूरी जानकारी, मरीज का पता और संपर्क के लिए फोन नंबर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजना जरूरी किया गया। यदि ऐसा नहीं किया जाता, तो अस्पताल प्रभारी को जिम्मेदार ठहराया जाता है। एक अधिकारी के अनुसार, इस व्यवस्था से प्रभावित इलाकों में तुरंत एंटी-लार्वा और मच्छर नियंत्रण की कार्रवाई संभव हो पाई। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग केवल उन्हीं मामलों को डेंगू मानता है, जिनकी पुष्टि एलाइजा जांच से होती है। कुल मिलाकर, बेहतर निगरानी, सख्त रिपोर्टिंग और जागरूकता अभियानों के चलते राजस्थान ने 2025 में डेंगू से मौत के आंकड़े को शून्य पर ला दिया है।

## योजनाओ में न्यून प्रगति पर सैलु एवं पचीपल्या के ग्राम विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक बुधवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की समस्त योजनाओं के संबंध में विस्तार से बिन्दूवार समीक्षा की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बुडानिया ने समस्त ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायको को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला कलक्टर काना राम के निर्देशानुसार निर्धारित समय सीमा में योजनाओ की प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उन्होंने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत 15वी एवं 16वी विधानसभा के अप्रारम्भ एवं प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने, अटल ज्ञान केन्द्र, नर्सरी कार्य, ओपन जिम, स्वामित्य योजना, महानरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण आवासो के अप्रारम्भ कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करवाने, प्रगतिरत कार्यो को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत समस्त ग्राम पंचायतों के राजस्व गांवो की सम्पूर्ण साफ-सफाई करवाने, समस्त ग्राम पंचायतों के राजकीय विद्यालयों के स्वीकृत शौचालयों को शीघ्र पूर्ण कराने, सामुदायिक सोक पिट/मैजिक पिट व सामुदायिक नाडेपो के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए।

## खेजड़ों का बास में श्री कृष्ण भक्ति की धारा का होगा प्रवाह ,बहेगी भक्तिमय सरिता

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (नि.स.)।** उपखण्ड में पंचायत मान्दोलाई के ग्राम खेजड़ों का बास में 26 जनवरी 2026 से 01 फ़रवरी 2026 तक श्रीमद्भगवत गीता के पाठ का आयोजन किया जायेगा 7 इस कार्यक्रम में कथारस प्रवाहक श्रीमद्भगवत रसिक सन्त श्रद्धेय श्री अवधेश दास जी महाराज (श्री केशव गोपाल गौ शाला , सांपला )होंगे । इस पावन कार्यक्रम का शुभारम्भ 26 जनवरी , सोमवार को प्रातः 8.15 बजे कलश- यात्रा के साथ होगा, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित होंगे। प्रतिदिन दोपहर 12.15 बजे से लेकर सांय 4 .15 बजे तक भगवान् श्री कृष्ण की भक्ति, उनकी दिव्य लीलाओं, धर्म के गूढ़ रहस्यों का वर्णन किया जायेगा जिससे श्रोताओं के हृदय व मानस पटल पर ज्ञान,भक्ति व नीति की त्रिवेणी बहेगी। वहीं दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक रात्रि में 'नानी बाई का मायरा' कथा का वाचन भी किया जाएगा। इस कथा के वाचक पण्डित देवराज जी व्यास भीलवाड़ा (श्री धाम,वृंदावन) होंगे।वर्तमान के तनाव ग्रस्त जीवन में इस कथा के माध्यम से सभी को आध्यात्मिक शांति व सत्संग का लाभ मिलेगा। कथा की पूर्णाहुति 01 फ़रवरी 2026, रविवार को सांय 5:00 बजे होगी एवं सभी भक्तगण प्रसादी पायेंगे। पण्डित धर्मेंद्र शास्त्री भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम के आयोजक रामजी लाल यादव, सीताराम यादव व गणेश यादव ने सभी क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक आयोजन में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

आयोजन स्थल- श्री कृष्ण कुंज, खेजड़ों का बास (मान्दोलाई) है। यह जानकारी डॉ. जगवीर सिंह खंगारोत ने दी।

# योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से काटना अधर्मः पायलट

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोतम जोशी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि यह निर्वाचन आयोग का दायित्व है देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार को सुरक्षित रखें। उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी नागरिक अपने मताधिकार से वंचित ना रहे। आज देश में कई जगहों से ऐसी खबरे आ रही है कि राजनैतिक हित साधने के उद्देश्य से मतदाता सूचियों से सैकड़ो लोगों के नाम काटने या जोडने के लिए बी.एल.ओ. अनाश्यक दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे अनुचित दबाव के चलते कई स्थानों पर तो बी.एल.ओ. आत्महत्या जैसा कदम उठाने को भी मजबूर हो गये है। वोट देने का अधिकार हमारी सबसे बडी पूंजी है और कोई इसे छीनना चाहेगा तो उसे कतई स्वीकार नहीं किया जायेगा।




श्री सचिन पायलट ने आज टोंक में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में सतर्कता के लिए लगाये गये कांग्रेस पार्टी के बीएलए की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा प्रमाण सहित उजागर की गई मतदाता सूचियों की गड़बडियों और बिहार चुनाव में निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से साफ हो गया है कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदेह के घेरे में है। ऐसे में अपने मताधिकार की रक्षा के लिए हमें जागरूक रहना होगा।

उन्होंने टोंक में लगे बी.एल.ए. के कार्य सराहना करते हुए कहा कि आपने एस.आई.आर. के कार्य में आपने जो हिम्मत, हौसला, संयम और सजगता का जो परिचय दिया है उसके लिए आप बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जब तक मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन नहीं हो जाता, तब तक हमारा कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। दस्तावेज के अभाव में किसी भी वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची से ना कटे यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## टोडारायसिंह पीएम श्री राबाउमावि में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** पी एम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव तथा शैक्षणिक व खेल प्रतिभाओं का सम्मान समारोह गुरुवार को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य रामसहाय सैनी ने बताया कि 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की धर्मपत्नी ब्लिस निदेशक राधा चौधरी होंगे तथा अध्यक्षता भाजपा जिला महामंत्री एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष संत कुमार जैन करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व डीआर रामचंद्र गुर्जर, पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी, सीबीईओ कमलेश कुमार शर्मा, पालिका उपाध्यक्ष रमा गौड तथा पार्षद मीना जैन होंगे। प्रधानाचार्य रामसहाय सैनी ने बताया कि समारोह में शैक्षणिक और खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाओं को मंच देने तथा विद्यालय की गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। समारोह में एसडीएमसी और एसएमसी सदस्यों, अभिभावकों सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# विवेकानन्द बस्ती का विराट हिन्द सम्मेलन 31 जनवरी को, पोस्टर का हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बुधवार को विवेकानन्द बस्ती मे विराट हिन्दू सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सभी समाज बन्धुओं के साथ रणथंभौर विलास रिसोर्ट में बैठक आयोजित की गई । बैठक में सहप्रांत प्रचारक विशाल कुमार, विभाग प्रचारक दीपक कुमार, जिला संघचालक गोविन्द प्रसाद, बस्ती संयोजक सत्येन्द्र पाल राजावत एवं आयोजन समिति सदस्यों की उपस्थिति में विराट हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया । सहप्रांत प्रचारक विशाल



कुमार ने बताया कि पंच परिवर्तन समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार, स्वबोध एवं कुटुम्ब प्रबोधन की वर्तमान समय आवश्यकता है, स्वयं अपने जीवन व्यवहार में उतारकर समाज के लिए प्रेरणा बने जिससे भारत पुनः विश्व गुरु बनकर सम्पूर्ण विश्व के कल्याण का माध्यम बनेगा। कलश यात्रा, सजीव झांकियां, शोभा यात्रा के साथ ब्रह्मपुरी, विज्ञान नगर, कुतलपुर जाटान, विवेकानन्दपुरम, सुभाष नगर, महावीर नगर, बिशनपुरा, हिम्मतपुरा, रेलवे कालोनी आदि स्थानों से सभी हिन्दू परिवारों का कार्यक्रम स्थल पर आगमन व संगम होगा साथ ही विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजन की विस्तृत योजना बनाई गई । इस दौरान सुरेन्द्र शर्मा, गिरीश शर्मा ,अशोक बैंडवाल, उपाध्यक्ष सोनी शर्मा, महिला प्रमुख, लोकेश अवस्थी, रणवीर सिंह चौधरी, पवन मीना, मुरारी भारद्वाज, रितेश भारद्वाज, फौरन सिंह, मुकेश कुमावत, भास्कर पारीक, डॉ मनीष शर्मा, मुरली गौतम, रामचरण शर्मा, बीरूलाल मीणा, अवधेश चौधरी, कन्हैयालाल चौधरी, डमरूदयाल शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बुधवार को नगर परिषद, सवाई माधोपुर में समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं परिवार में वरिष्ठ नागरिकों के महत्व, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2016 के तहत वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त निःशुल्क विधिक सहायता, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007, वृद्धजनों को मिलने वाली रियायतों,



वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कानूनी सहायता, भारत में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित चुनौतियों एवं उनके निवारण के उपायों आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा वृद्धजनों एवं अन्य आमजन की समस्याओं को भी सुना गया। इस दौरान नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र जिन्दल द्वारा उपस्थित आमजन को नगर परिषद द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, अन्नपूर्णा रसोई योजना, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, घूमन्तु समुदाय के व्यक्तियो के पहचान प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल, रिकी सैन, धनराज मीना, गिर्राज रैगर, मोरसिंह गुर्जर, देवनारायण गुर्जर, महेश कुमार गुर्जर द्वारा नगर परिषद में कैनोपी लगाकर आमजन को राजस्थान पीडित्र प्रतिकर योजना, हिट एंड रन योजना, न्याय आपके द्वार- लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान, राजस्थान पीडित्र प्रतिकर योजना, हिट एण्ड रन योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन प्राप्त किये गये।

## नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने जताई खुशी, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी की संगठन प्रक्रिया के तहत नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर सवाई माधोपुर भाजपा पदाधिकारियों ने जिला कार्यालय पर आतिशबाजी कर खुशी जताई । भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि नितिन नवीन को पूर्व में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिनको संगठन पर्व की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत कल राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, इस पर जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारियों ने मिठाई बांट कर एक दूसरे को बधाई दी एवं पटाखे फोड़े । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हरिओम गर्ग, सत्यनारायण धाकड़,



लालचंद गौतम, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा, पूर्व उपसभापति राजेश गोयल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक मीणा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बनवारी जाट, कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, केशव शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, महेश गौतम, बनवारी बंसल आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# मेडिकल कॉलेज को लेकर गंभीर राजसमंद सांसद एवं नाथद्वारा विधायक

## सांसद मेवाड़ द्वारा लोकसभा एवं नाथद्वारा विधायक मेवाड़ द्वारा विधानसभा में मांग उठाए जाने के बाद पुन: तेज हुई लंबित प्रक्रिया

बढ़ता राजस्थान





**राजसमन्द(सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ के प्रयासों से नाथद्वारा में मेडिकल कॉलेज को लेकर एक बार फिर उम्मीद जगी है। सांसद मेवाड़ द्वारा हाल ही में लोकसभा में मामला उठाए जाने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने सांसद श्रीमती मेवाड़ को पत्र प्रेषित कर बताया है कि राज्य सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया है। दरअसल लोकसभा में शून्यकाल तथा नियम 377 के तहत सांसद ने नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के गुंजोल ग्राम में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि पूर्व में भूमि आवंटन के बावजूद प्रशासनिक एवं वित्तीय कारणों से निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका। उन्होंने इस क्षेत्र को आर्थिक रूप से पिछड़ा बताते हुए यहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना को अत्यंत आवश्यक बताया, जिससे आमजन को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं मिल सकें तथा बच्चों एवं महिलाओं को विशेष लाभ प्राप्त हो। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने स्पष्ट किया कि गुंजेल ग्राम में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज एक राज्य वित्त पोषित परियोजना है तथा इसका निर्माण और संचालन राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। मंत्रालय द्वारा 29 दिसम्बर 2025 को राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है, जिससे राज्य स्तर पर प्रक्रिया आगे बढ़ने की संभावना बनी है। इसके साथ ही सांसद द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर को भी पत्र लिखकर मेडिकल कॉलेज को बंद न किए जाने तथा पूर्व में आवंटित भूमि पर शीघ्र स्थापना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था। पत्र में स्पष्ट किया गया कि यदि मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं होती है तो नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और जनमानस में नकारात्मक संदेश जाएगा।

### विधानसभा में विधायक मेवाड़ ने उठाई थी पुरजोर मांग, वहीं एमओयू को अंतिम रूप देने के लिए लिखा पत्र

नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ द्वारा भी राजस्थान विधानसभा में मेडिकल कॉलेज नाथद्वारा का कार्य जल्द शुरू करने की मांग उठाई गई थी। हाल ही में विधानसभा में मांग उठाते हुए नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने अपने वक्तव्य में कहा था कि ''हम एक ख़्वाबों के पुलंदे के शिकार हो गए हैं, वर्ष 2023-24 में नाथद्वारा के गुंजोल में मेडिकल कोलेज के लिए भूमि आवंटित हुई थी, बाउंड्री वॉल का कार्य शुरू हुआ और शिलान्यास भी हुआ, लेकिन यह सभी कार्य बिना किसी ठोस प्लानिंग के हुए जिस वजह से अब यह काम रुका हुआ है, ऐसे में वे (श्री विश्वराज सिंह मेवाड़) सरकार से आग्रह करते हैं कि काम शुरू करें और विपक्ष को दिखाएं कि काम कैसे किया जाता है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में आ रही प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने के लिए नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री श्रीमती दिया कुमारी तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसार को पत्र लिखकर हस्तक्षेप का आग्रह किया है। विधायक ने अपने पत्र में अवगत कराया है कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी (राजमेस) और राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएसआरडीसी) के मध्य एमओयू अंतिम रूप न लेने के कारण रुका हुआ है। इस कारण परियोजना में अनावश्यक विलंब हो रहा है। विधायक ने दोनों मंत्रियों से अनुरोध किया है कि संबंधित विभागों के बीच एमओयू को शीघ्र अंतिम रूप दिलाया जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो सके और परियोजना में आगे कोई देरी न हो।

## होटल एसोसिएशन ने किया अलवर टाइगर मैराथन का पोस्टर जारी




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन सरिस्का, अलवर की ओर से आठ फरवरी को होने वाली अलवर टाइगर मैराथन की सफलता के लिए पोस्टर जारी किया। इस मौके पर एसोसिएशन ने अलवर मैराथन की सफलता के लिए देश भर में प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया। एसोशिएशन कार्यकारिणी ने अलवर टाइगर मैराथन का पोस्टर जारी किया। इसमें यह निर्णय लिया गया कि आठ फरवरी को होने वाली इस मैराथन के लिए एसोसिएशन पहले से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करेगी। इसके लिए सोशल तथा अन्य मीडिया का सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष भाटिया, सचिव अजय गर्ग, ललित बेनीवाल सहित कुलदीप नरुका, विनय सिंघल, दशरथ सिंह, योगेश भेड़ी, आशीष खटटर, अनुप्रीत सिंह, सुरेन्द्र नरुका आदि थे। पर्यटन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा:-इस अवसर पर होटल एसोसिएशन ने सर्वसममति से केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की ओर से अलवर में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। इस मैराथन से अलवर में पर्यटन के साथ सर्वांगीण विकास होगा। अध्यक्ष मनीष भाटिया के अनुसार इससे सरिस्का क्षेत्र में बाघों की सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और आम जन में बाघ को लेकर चेतना आएगी। अलवर के विकास में यह मैराथन एक मील का पत्थर साबित होगी। एसोसिएशन ने अधिक से अधिक लोगों से इस मैराथन में भाग लेने की अपील की है।

## भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्षगांठ पर आज निकलेगी शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** बजरंग सेना राजगढ़ की ओर से श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तृतीय वर्ष गांठ पर 22 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार जांगिड़ ने बताया कि कस्बे के सैनी धर्मशाला से 22 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे वैदिक मंत्रोचार के साथ ध्वजा पूजन कर व भगवान श्री राम जी की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा को भाजपा नेता बना राम मीणा व बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा का गोल सर्कल,चौपड़ बाजार व माचाडी चौक पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। वहीं गोल सर्कल स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पठन किया जाएगा। माचाडी चौक स्थित गणेश पोल पहुंचकर शोभायात्रा का समापन होगा। महा आरती कर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** अयोध्या राम जन्मभूमि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव गुरुवार को महंत जी की हवेली ठिकाना गंगा बाग पर धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक महंत प्रकाश दास महाराज ने बताया कि दोपहर 2 बजे सुंदरकांड के पठान, राम भक्तों द्वारा भजन गायन का कार्यक्रम भी रहेगा प्रभु राम की सुंदर झांकी सजाई जाएगी। अंत में महा आरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम में कस्बे के प्रमुख सामाजिक संगठन महिला संगठन सहित प्रबुद्ध जनों एवं नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रमुख जिम्मेदारी राम भक्त वीरेंद्र दाधीच जी को दी गई है।

## शान्तिनगर केलवा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ आयोजन का आगाज़



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द(सुरेश बागोरा)।** केलवा-आमेट रोड स्थित शान्तिनगर में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा का श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन प्रात: भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।शोभायात्रा के पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हुआ। पहले दिन कथा के मंगलाचरण एवं प्रारंभिक अध्याय का वाचन किया गया। कथावाचक पूज्य संत श्री निर्मल रामजी महाराज ने भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, भक्ति और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।आयोजन समिति ने बताया कि यह श्रीमद् भागवत कथा 21 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। कथा का समय प्रतिदिन प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक रहेगा। कथा स्थल शान्तिनगर, केलवा-आमेट रोड, राजसमंद निर्धारित किया गया है। इस धार्मिक आयोजन का आयोजन समस्त ग्रामवासी शान्तिनगर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

# धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटता बढ़ती है :रावत

## श्रीराम महायज्ञ से क्षेत्र में ऊर्जा का सकारात्मक संचार होता है

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आई पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने 111कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ की कलश यात्रा में शिरकत की। इस कलश यात्रा में करीब एक हजार से ज्यादा महिलाओं के समलित होने का अनुमान है।इस मौके पर बोलते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटता बढ़ती है वहीं श्रीराम महायज्ञ करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं से जुडने की अपील की।कलश यात्रा का शुभारम्भ चौगान मन्दिर से नारायणपुर नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य बाजारों से होते हुए पुरुषोत्तम दास आश्रम पहुँची। नगर पालिका क्षेत्रवासियों सहित उपस्थित लोगों ने कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा को एक नई ऊर्जा प्रदान की गईं। इस मौके पर महंत जनार्दनदास महाराज नारायणपुर, रिछपालदास महाराज त्रिवेणी धाम, बलरामदास महाराज,विदुषी बाई संत,कथावाचक सुनीता,नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार रैगर,महेश सैनी,पूर्व प्रधान मातादीन गुर्जर,हीरालाल धाबाई,रामकरण धाबाई,राजू कुमावत,कल्लू ग्वारिया, गिरधारी गुर्जर,देशराज गिराठी, रणजीत कसाना,संतोष रैगर, रतन जांगिड़,भैंरू रैगर, कमलेश चौहान,राकेश चौधरी, महेश यादव,बजरंग सैनी, कन्हैया सहित काफ़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा की सौभा बढ़ाई !वहीं नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों ने भी उत्साह से श्रीराम कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर अभिनन्दन किया।

## बॉलीवुड अभिनेता देव मेनारिया ने प्रभु द्वारकाधीश और श्रीनाथजी के दरबार में टेका मत्था

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द(सुरेश बागोरा)।** फिल्म बिहू अटैक के जरिए अपनी विशेष पहचान बनाने वाले बॉलीवुड अभिनेता एवं निर्देशक देव मेनारिया बुधवार को मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा पर रहे। भक्ति और श्रद्धा के इस सफर में उन्होंने नाथद्वारा और कांकरोली पहुंचकर प्रभु के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। अपनी यात्रा की शुरुआत में देव मेनारिया श्रीजी की नगरी नाथद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने प्रभु श्रीनाथजी की उत्थापन झांकी के अलौकिक दर्शन किए। दर्शन के उपरांत मंदिर परंपरा के अनुसार उनका समाधान किया गया। मोती महल चौक में नितेश सिंघवीए दरियाव सिंह और जेके मेहता सहित अन्य प्रशंसकों ने उन्हें उपरना ओढ़ाकर और श्रीनाथजी की छवि भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात देव मेनारिया कांकरोली स्थित पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रभु द्वारकाधीश के मंदिर पहुंचे। यहाँ उन्होंने प्रभु द्वारकाधीश और लालन स्वरूप मथुराधीश की भोग झांकी के दर्शन किए और मंदिर की प्राचीन सेवा-पूजा पद्धति व परंपराओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। दर्शन के बाद मुख्य समाधानी राजकुमार गोरवा ने मंदिर की रीति के अनुसार उन्हें इकलाई ओढ़ाई और प्रसाद प्रदान कर समाधान किया। इस दौरान कवि गौरव पालीवाल, अंकित बडोला, सुरेश चंद्र भाट, नितेश सिंघवी, डीएस गौरवा सहित कई लोग उनके साथ मौजूद रहे। मंदिर परिसर में प्रशंसकों और प्रशासकों के बीच अभिनेता के साथ फोटो खिंचवाने की भी उत्सुकता देखी गई।

## कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद व सुभाष चंद्र बोस के जीवन चरित्र पर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा उमरैण द्वारा अध्यक्ष मुकेश कुमार बैरवा के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हाजीपुर डडीकर में कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन तथा स्वामी विवेकानंद एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य वक्ता साविर ने स्वामी विवेकानंद एवं सुभाष चंद्र बोस के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक रोशन लाल यादव ने कर्तव्य बोध दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों में कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रबोध एवं सामाजिक दायित्व की भावना को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुकेश किराड ने मेरा विद्यालय-मेरा तीर्थ अभियान के अंतर्गत विद्यालय विकास एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में मंत्री राजेश खंडेलवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप मीणा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# खंडेलवाल सेवा समिति परिवार द्वारा नामकरण पत्रिका का शिलान्यास कल

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** खंडेलवाल सेवा समिति परिवार के सततः प्रयासों से अलवर शहर में पुलिस कंट्रोल रूम से होप सर्कस तक के मार्ग का नामकरण संत सुंदर दास मार्ग के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में बसंत पंचमी, दिनांक 23 जनवरी 2026 को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसी दिन संत सुंदर दास जयंती भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत नामकरण पत्रिका का शिलान्यास किया जाएगा। मुख्य अतिथि संजय शर्मा राज्य मंत्री,राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि डॉ. के.के. गुप्ता, विभाग संचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रमेश चंद्र गुप्ता तुंगा वाले, राष्ट्रीय अध्यक्ष खंडेलवाल महासभा, जयपुर अति विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार कट्टा मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष, खंडेलवाल महासभा, जयपुर समारोह अध्यक्ष सुभाष घीया ऋषिकांत गुप्ता रामचरण गुप्ताजातपुर वाले कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर पदाधिकारियों ने बताया कि संपूर्ण खंडेलवाल समाज से निवेदन किया गया है कि 23 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे तक अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करें। यह गर्व का विषय है कि भारत में अब तक केवल तीन संत सुंदर दास मार्ग स्थापित हैं और अलवर में यह चतुर्थ मार्ग के रूप में स्थापित हुआ है।

सभी खंडेलवाल परिवारों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए जाएंगे, कार्यक्रम के दौरान पांच लकी ड्रा कूपन निकाले जाएंगे, संपूर्ण मार्ग पर मशीनों द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी, आगंतुकों का दुपट्टा, मोतियों की माला एवं तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया जाएगा, अंत में सभी के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। खंडेलवाल सेवा समिति परिवार की ओर से संपूर्ण समाज से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं। जानकारी रजनीकांत गुप्ता,अध्यक्ष खंडेलवाल सेवा समिति अलवर ने दी।

**नेक कमाई के अब तक 321 कन्यादान हुए**

# शादी के गीत की धुन पर बेटियों को लेकर आए, किया कन्यादान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से बुधवार को होटल बैठक में सात बेटियों के साथ 321 कन्यादान पूरे हो गए। सभी बेटियों को भाई-बहनों की तरह समाज की गणमान्य महिलाएं और अधिकारी सिर पर चुन्नी ओढ़ाकर लेकर आए। अतिरिकत विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो संख्या चार हिमांकनी गौड़,जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा तथा नगर निगम की राजस्व अधिकारी निशा लखानी ने बेटियों के चरण धोकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश प्रतिमा के आगे द्वीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों ने सभी बेटियों को उपहार दिए और उनके तिलक लगाया व चरण धोए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संरक्षक दौलत राम हजरती, मंजू चौधरी अग्रवाल, मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, युवा समाजसेवी सौरभ कालरा, गुरप्रीत सिंह पवित्र, प्रवीन बत्रा, कुमकुम गुप्ता, पुरुषार्थी समिति के पदाधिकारी अशोक आहूजा, मनोहर झाम, निशा शर्मा, ममता खन्ना और ज्योति अदलकखा आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन रेखा महलावत ने किया। कार्यक्रम में समाज सेविका पुष्पा रानी खन्ना तथा रवि गर्ग को सेवा कार्यों के लिए सममानित किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी नेता शैलेन्द्र कपूर, न्यायिक कर्मचारी मनोज दत व्यास, राजकुमार गुर्जर, अशोक तनेजा, अतुल सकसेना,सार्थक खन्ना, रेखा कर्दम, राजकुमार अदलकखा, जितेन्द्र सेतिया, कमला यादव, तथा बाल भारती शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष सुभाष चंद अग्रवाल, शर्मा आदि उपस्थित थे। इसमें जेएमएमसी प्रोजेकट लिमिटेड, डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट, बैठक होटल एंड रेस्त्रा, खान चंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट्र का सहयोग रहा। समाज के लिए अनुकरणीय- गौडः-इस मौके पर विशिष्ट न्यायाधीश हिमांकनी गौड ने कहा कि नेक कमाई ने यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी एक परिवार की नहीं पूरे समाज की होती है। यह कन्यादान पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। जिला रसद अधिकारी विनोन जुनेजा ने कहा कि नेक कमाई कन्यादान के साथ बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत से कार्यक्रम चला रहा है जिससे अलवर गौरान्वित हुआ है। नगर निगम अलवर की राजस्व अधिकारी निशा लखानी ने कहा कि जरूरतमंद बेटियों का कन्यादान अपने आपमें अनुकरणीय है जहां आकर खुशी मिलती है। संरक्षक दौलत राम हजरती ने संस्था के कार्य बताए। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने कहा कि नेक कमाई अब महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में नारी सृजन नामक कार्यक्रम चला रहा है। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया। इस अवसर पर नेक कमाई की ओर से सेवा के लिए रवि गर्ग को भी सम्मानित किया गया जो बेटियों को साडियां देते हैं। नेक कमाई की ओर से होटल बैठक सहित सभी का आभार जताया गया। कार्यक्रम में काफी संखया में महिलाएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वानर राज का देहांत होने पर वानर राज का अंतिम संस्कार किया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** दिनांक 21.01.2026 बुधवार को झालर बावड़ी मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वानर राज का देहांत होने पर स्थानीय निवासियों ने हिन्द रीती रिवाज से वानर राज का अंतिम संस्कार किया। वानर राज की अंतिम यात्रा चारभुजा मंदिर के रास्ते से श्री राम धुन के साथ चारभुजा मुक्तिधाम पहुंची जहाँ पूर्ण हिन्द रीती रिवाज से वानर राज का अंतिम संकार किया। इस अवसर पर रामरतन गुप्ता, कैलाश महेशवरी, महेश चंद शर्मा, के. के. दुबे, फूलचंद अहीर, गोपाल माहेश्वरी, बंशीलाल बाथरा, प्रवीण लाड, मनोज जैन, बजरंग गुप्ता, भारत राठोर, हरीश धाकड़, दीपक गुर्जर, बालकिशन तेली, हेमंत बाथम, कालू राठौर, सुशील शर्मा उपस्थित रहे।

## वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय -2, रावतभाटा में वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बुधवार को विद्यालय में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में शिक्षक अनिल कुमार बंजारा ने बंकिम चंद्र चटर्जी जैसी महान विभूति का स्मरण करते हुए उनके जीवन बारे में बताया कि बंकिम चंद चटर्जी ने वंदे मातरम जैसे अमर गीत और आनंद मठ जैसे उपन्यास के माध्यम से राष्ट्रवाद की नींव रखी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि उनकी विरासत हमें अपनी संस्कृति और राष्ट्र के प्रति गर्व करने और उसके उत्थान के लिए काम करने की प्रेरणा देती है। कक्षा पांचवी की छात्रा हिमांशी अहीर ने सुविचार कक्षा चार की छात्रा एक्षिका सिंह ने कविता और कक्षा आठवीं अ की छात्रा प्रियंवदा ने स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम गीत की महत्वपूर्ण भूमिका पर वक्तव्य दिया । इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री लोकेश जोशी और समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे।

## गौ महोत्सव व श्रीराम कथा के दौरान रामगंजमंडी में रेल यात्रियों को बड़ी राहत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड़)।** रामगंजमंडी क्षेत्र में आयोजित होने वाले गौ महोत्सव एवं श्रीराम कथा के अवसर पर 23 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक (तीन दिन) श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल द्वारा विशेष रेल व्यवस्थाएं की गई हैं। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य यात्रियों को आयोजन स्थल तक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराना है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस अवधि में 3 विशेष अनारक्षित मेला एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। साथ ही रामगंजमंडी स्टेशन पर 28 नियमित ट्रेनों के ठहराव समय को 2 मिनट से बढ़ाकर 5 मिनट किया गया है, जबकि 9 ट्रेनों को अस्थायी रूप से 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है।

## जे.के.सीमेंट वर्क्स द्वारा विद्यार्थियों को वितरित की गई विभिन्न सामग्री




बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** जे.के.सीमेंट वर्क्स निंबाहेडा द्वारा अपने सामाजिक सरोकार के तहत यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल एवं एच आर हेड प्रभाकर मिश्रा के निर्देशन में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी में अध्यनरत बालक बालिकाओं को बुधवार को पिपलिया गदीया के सरकारी स्कूल के छात्रों को स्कूल बैगए जूते, स्वेटर, टोपी और मोजे वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य वंचित पृष्ठभूमि के छात्रों की सहायता करना और उन्हें शिक्षा और नियमित विद्यालय उपस्थिति के लिए प्रोत्साहित करना था। बालक बालिकाओं को राकेश शमा, ऑपरेशन हेड माइंस, और सुधीर नागौरी डिपार्टमेंट हेड माइनस, करुणा, ने उक्त सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर मैनेजर राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कारुंडा पंचायत से मेघराज जाट एप्रभु लाल डांगी पिपलिया गदिया सहित पिपलिया गांव के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

# 10 माह से लापता नाबालिग बालिका गुजरात से दस्तयाब पुलिस ने लेबर अधिकारी बनकर सुलझाया जटिल मामला

बढ़ता राजस्थान



भूपेंद्र नागर | हरेंद्र सिंह | चैनाराम | उम्मेद सिंह

रामगंजमंडी (नि.स.)। जिला कोटा ग्रामीण पुलिस की मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने पिछले 10 महीनों से लापता एक नाबालिग बालिका को गुजरात के सूरत जिले के कडोदरा औद्योगिक क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस चुनौतीपूर्ण मामले को सुलझाने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाया, जिसमें सूचना देने वाले के लिए 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 2 अप्रैल 2025 को चेचट थाना क्षेत्र से एक 16 वर्षीय बालिका लापता हो गई थी। बालिका के पिता ने 4 अप्रैल 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार बालिका कक्षा 8 की परीक्षा देने मोडक गांव गई थी, लेकिन लौटने के बाद अगली सुबह वह घर से अचानक गायब मिली।

### चार माह तक तलाश, फिर गठित हुई विशेष टीम

प्रारंभिक स्तर पर चेचट थाना पुलिस द्वारा बालिका की तलाश की गई, लेकिन चार माह तक कोई ठोस सफलता नहीं मिली। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए कोटा ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान के जरिए पुलिस को जानकारी मिली कि बालिका गुजरात के सूरत जिले के कडोदरा क्षेत्र में हो सकती है। यह क्षेत्र एक बड़ा औद्योगिक इलाका होने के कारण जांच बेहद चुनौतीपूर्ण थी।

### पुलिस की अनोखी रणनीति: लेबर अधिकारी बनकर की कार्रवाई

बालिका की सुरक्षित बरामदगी के लिए पुलिस टीम ने अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए सेंट्रल लेबर डिपार्टमेंट के अधिकारी व कर्मचारियों का रूप धारण किया। टीम ने फैक्ट्रियों में श्रमिक सत्यापन और निरीक्षण के बहाने जांच शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद एक फैक्ट्री में बालिका की पहचान उसके हुलिए के आधार पर की गई और उसे सुरक्षित रूप से दस्तयाब कर लिया गया।

### इनाम बढ़ा, उच्च स्तर पर हो रही थी निगरानी

इस मामले में शुरुआत में पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे बाद में आईजी कोटा रेंज द्वारा बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया।
पूरे प्रकरण की निगरानी राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर और पुलिस महानिदेशक राजस्थान स्तर से की जा रही थी।

### टीम का सराहनीय योगदान

इस सफल ऑपरेशन में कांस्टेबल भूपेंद्र नागर का विशेष योगदान रहा। टीम में हेड कांस्टेबल उम्मेद सिंह, कांस्टेबल चैनाराम, हरेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## बकरियां चोरी की वारदात में फरार आरोपी मोहित हुसैन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### बकरियां चोरी की वारदात में अब तक 4 आरोपीगणो को किया जा चुका है गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भवानीमंडी (नि.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि जिले में चोरी की घटनाओ को गंभीरता से लेते हुये जिले में सभी थानाधिकारीयों को थाना स्तर पर टीम गठित कर आपराधिक प्रवृतियों के बदमाशान को चिहिन्त कर आपराधियों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चला रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा थाना हाजा पर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा बकरियां चोरी की वारदात में फरार चल रहे आरोपी मोहित हुसैन को गिरफतार करने में सफलता अर्जित की है। थानाधिकारी ने बताया हे कि दिनांक 01 दिसंबर 2025 को बालचन्द पुत्र पुरालाल जाति मेहर उम्र 56 साल निवासी गंगपुरा का खेडा थाना भवानीमण्डी ने उपस्थित थाना होकर एक प्रार्थना पत्र इस आषय का पेश किया कि दिनांक 26 नवम्बर 2025 को मेरी बकरियो को मेरी पत्नी चराने गई थी। वहा पर हमारे गांव के श्यामसिह की बकरिया भी चर रही थी। उसी समय एक सफेद कार में 3-4 व्यक्ति आये जिन्होने मोका पाकर हमारी 06 बकरीया चुराकर ले गये इत्यादी पर प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही पर पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचन्द मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं मनोवैज्ञानिक आधार पर वारदात में संलिप्त आरोपीगणो का पता लगाया जाकर बकरियां चोरी की वारदात में फरार चल रहे आरोपी मोहित हुसैन को गिरफतार करने में सफलता अर्जित की है। बकरीया चोरी की वारदात मे संलिप्त अन्य आरोपीगण दिनेश, जितुलाल एवं समीर को पुर्व में गिरफतार कर वारदात में प्रयुक्त वाहन सफेद रंग की ब्रेजा को पुर्व में जप्त किया जा चुका है।

## सुपोषित मां अभियानः सिमलिया में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/सिमलिया।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में संचालित सुपोषित मां अभियान के तहत बुधवार को सिमलिया भाजपा मंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए गए। यह अभियान लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की प्रेरणा से चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है। सिमलिया भाजपा मंडल अध्यक्ष ऊछमा मीणा ने बताया कि बुधवार को भांडाहेड़ा, रेलगांव, चौमा मालियान, पोलाई कलां, सिमलिया, भौंरा, बमोरी एवं गड़ेपान ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए गए।
उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सांगोद विधानसभा क्षेत्र की पंजीकृत लगभग 1500 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए जा रहे हैं। यह किट गर्भावस्था के 10 महीनों तक प्रत्येक माह प्रदान की जाती है। पोषण किट में गेहूं, मक्का व बाजरे का आटा, मल्टीग्रेन दलिया, चावल, सोयाबड़ी, मूंग छिलका, उड़द दाल, चना दाल, मूंग दाल मोगर, मूंगफली दाना, भुना चना, मूंग के लड्डू, मूंगफली तेल तथा आंवला कैंडी शामिल हैं। इस अवसर पर राजनीता मेघवाल, पूर्व सरपंच भीमराज मीणा, आनंदीलाल मालव, जवाहर मीणा, बुद्धिप्रकाश मीणा, हनुमान गोचर, मांगीलाल नागर, नरेश मीणा, रामप्रसाद नागर, देवप्रकाश मेहरा, पन्नालाल मालव, बंटी राठौर, राहुल प्रजापत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर पीताम्बर सा सजेगा श्री फलौदी माता मंदिर

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी, (नि.स.)।** अखिल भारतीय मेडतवाल (वैश्य) समाज द्वारा 23 जनवरी को तीर्थनगरी खैराबाद स्थित मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज में बसंत पंचमी महोत्सव पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। बसंत पंचमी के दिन आराध्यदेवी मां फलौदी का प्राकट्य दिवस होने से राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु कुलदेवी के श्रीचरणों में पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज प्रन्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर मां फलौदी के विग्रह को गर्भगृह से मुख्य द्वार पर



विराजित किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को चरण दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। वरद मुद्रा में विराजित मां फलौदी भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करती हैं। बसंत पंचमी महोत्सव संयोजक मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 23 जनवरी को प्रात: 8 बजे मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पश्चात अभिषेक एवं अपरान्ह 12.15 बजे स्वर्ण कलश, चांदी चंवर व छड़ी के साथ महाआरती संपन्न होगी। पीताम्बर परिधान में सजे श्रद्धालु भजन-कीर्तन व नृत्य के साथ पर्व को भक्तिमय बनाएंगे।

## नैनवां जैन मंदिर में हुई चोरी का हुआ पर्दापाश चार आरोपियो को किया दौसा जिले से डिटेन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी आर सैनी)।** कस्बे के नेमीनाथ दिगम्बर जैन में मकर संक्रांती की रात्रि को जैन मंदिर में चोरी की वारदात हुई थी। सीआई सहदेव मीणा सहित मय टीम व डीएसटी टीम बून्दी ने तकनीकी सहायता से नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नैनवां में मूर्ति व कीमती सामान चोरी के आरोपियो को गिरफ्तर किया जाने में सफलता प्राप्त की है। सीआई सहदेव मीणा ने बताया कि पुलिस अधक्षीक राजेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के मार्गदर्शन व सीओ राजूलाल मीणा के सुपरविजन में चोरी का पर्दापाश किया जाने में सफलता मिली है। ये निकले चोरी के आरोपी- सीआई सहदेव मीणा ने बताया कि कुंज बिहारी सोनी उर्फ जितु पुत्र परमान्द उम्र 38 साल निवासी जयसिंगपुरा खोर थाना जयसिंगपुरा खोर जिला जयपुर जो मुख्य आरोपी है। इसके साथ अजीत पुत्र मुकेश उम्र 22 साल निवासी बिचलवास थाना कोतवाली जिला दौसा,शंम्भू पुत्र कॅवरलाल उम्र 30 साल निवासी डोई का खेड़ा थाना पुलिया कला जिला भीलवाड़ा,विजय पुत्र शंकर उर्फराजू उम्र 20 साल निवासी बिचलवास थाना कोतवाली जिला दौसा का है। थानाधिकारी सहदेव मीणा ने बताया कि घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया जाकर एमओबी टीम व डीसीआरबी द्वारा घटनास्थल के बीटीएस प्राप्त कर अवलोकन कर तकनीकी आधार पर आरोपियो की तलाश हेतु थाना स्तर एंव जिला स्तर की टीमे गठित की गई। टीमो ने घटना स्थल के सभी दिशाओ में कस्बे से बाहर निकलने वाले सभी रास्तो पर सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये जाकर संदिग्ध के आने जाने के बारे में जानकारी की गई। संदिग्ध के बारे मं जानकारी हासिल की गई। तकनीकी साक्ष्य संकलन किये गये। हाईवे के पास एक संदिग्ध गाड़ी के नम्बरो के आधार पर जानकारी जुटाई गई। इसके बाद टीम ने जिला दौसा में दबिश देकर चारो आरोपियो को डिटेन किया गया। जैन मंदिर के ताला तोड़ कर चुराई थी दो मूर्तिया एंव चांदी के छत्र- जैन मंदिर में हुई चोरी की वारदात के बाद पुजारी द्वारा पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया गया था कि 15 जनवरी को रात के समय चोरो द्वारा नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का ताला तोडक़र मूर्ति व मंदिर सामान जिसमें आदिनाथ भगवान व पार्श्वनाथ भगवान की धातु से बनी हुई स्वर्णकलर की लगभग सवा सात इंच लम्बी दो प्रतिमाएं चुरा कर ले गये।

**जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

# दुर्घटना संभावित स्पॉट्स पर सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**कोटा,(का.स.)।** जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के साथ ही ऐसे स्थानों पर पर्याप्त साईनेज लगाए जाएं। उन्होंने पिछले एक माह में हुई बड़ी सडक़ दुर्घटनाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और सडक़ सुरक्षा से जुड़े कार्यो को गंभीरता से लेते हुए सुधारात्मक कदम अविलंब उठाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्पॉट्स की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि ज्वाइंट कमेटी के निरीक्षण के आधार पर ऐसे स्पॉट्स पर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्य किए जाएं। विभिन्न स्थानों पर अण्डरपास में पानी भरने की समस्या पर उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी मानसून से पहले इस समस्या का समाधान किया जाए।
श्री समारिया ने एनएच-27 एवं एनएच-52 के चिन्हित स्थानों पर टीबीएम, ब्लिंकर एवं लाइटिंग का कार्य जल्दी पूरा करने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएचएआई को दिए। उन्होंने कैथून से बपावर स्टेट हाईवे-51 पर सडक़ के किनारे की झाडियों की सफाई करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने 8-लेन एक्सप्रेस-वे पर ढाबों के आगे एवं अन्य स्थानों पर ट्रक के खड़ा रहने से दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए आरटीओ, एनएचएआई एवं ग्रामीण पुलिस को संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर को एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि अमझार स्थित रियासतकालीन नीचे वाली पुलिया पर बीटी रिपेयर कार्य करवा दिया गया है। जिला कलक्टर ने भारी वाहनों को नीचे वाली पुलिया से गुजारने के निर्देश दिए ताकि छोटे वाहन अमझार पुलिया से निकल सकें।
बैठक में केडीए अधिकारियों ने तिलमसंघ, प्रेमनगर फ्लाईओवर, श्रीराम फैक्ट्री रोड़ एवं माला रोड फ्लाईओवर पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए गए सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जानकारी दी। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि चेचट टोल प्लाजा पर 8-लेन से नीचे उतरते समय रम्बल स्ट्रिप लगवा दी गई है। साथ ही, दरा में कमलपुरा साइड पर आगामी सात दिवस में रम्बल स्ट्रिप लगा दी जाएगी। पुलिस उपाधीक्षक कोटा शहर द्वारा जानकारी दी गई कि शम्भूपुरा में बूंदी की तरफ जाने वाले कट को कंकरीट क्रेश बेरीयर लगाकर अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। सीएमएचओ कोटा डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि जिले में विभिन्न स्थानों पर नेत्र शिविर लगाकर 5 हजार से अधिक वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में इटावा एवं मण्डाना में ट्रोमा सेंटर स्वीकृत है जिनमें इटावा का कार्य शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। बैठक में एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह यादव, नगर निगम आयुक्त ओपी मेहरा, एडीएम सिटी अनिल कुमार सिंघल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दिलीप सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामकल्याण मीणा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जे.पी. गुप्ता सहित पुलिस, परिवहन, जेवीवीएनएल, केडीए आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीग और बृजनगर को मिली करोड़ों की ऐतिहासिक सौगातें

### विकास, विरासत और विश्वास का त्रिवेणी संगमः गृह राज्य मंत्री

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में बुधवार का दिन ऐतिहासिक बन गया। प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के प्रयासों से राज्य सरकार ने क्षेत्र को एक साथ सड़क, धार्मिक पर्यटन और पेयजल के क्षेत्र में तीन बड़ी सौगातें प्रदान कीं। इन निर्णयों से क्षेत्र की कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और आमजन की जीवन गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी।

### 69 किमी सड़क को मिला एम डी आर का दर्जा -

नौगावां-डीग-यूपी बॉर्डर मार्ग अब मुख्य जिला सड़क (एम डी आर-474)6.34 करोड़ रुपए से तीर्थों का कायाकल्प - आदिबद्री धाम और पशुपतिनाथ मंदिर का विकास,78.27 लाख रुपए से पेयजल राहत - ,कुंडावास (सीकरी) में नलकूप और पाइपलाइन विस्तार

### कनेक्टिविटी को नई उड़ान

नौगावां से डीग होते हुए यूपी बॉर्डर तक जाने वाली 69 किलोमीटर लंबी सड़क को 'मुख्य जिला सड़क' का दर्जा दिया गया है।

रूट- नौगावां (अलवर), शेरपुर, रसगन , धनोटा, बांसबुरजा, अकबरपुर, मेव, लवान, मिहम, घाटा,सीकरी, गुलपाड़ा,डीग, यूपी बॉर्डर।

लाभ- उन्नयन के बाद सड़क की चौड़ाई और रखरखाव के लिए राज्य फंड से बजट मिलेगा, जिससे औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### आस्था और विरासत का संरक्षण

ग्राम पासोपा स्थित आदिबद्रीनाथ एवं श्री पशुपतिनाथ मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के विकास के लिए 6 करोड़ 34 लाख रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

### कुल परियोजना लागत- 846.10 लाख रूपये।

कार्य- मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं का विस्तार और आधारभूत निर्माण, जिससे ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### पेयजल संकट से राहत

कुंडावास टाउन (सीकरी) में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत 78.27 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

कार्य नए नलकूपों का निर्माण और पाइपलाइन विस्तार, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल मिलेगा। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि मेरा लक्ष्य केवल भौतिक विकास नहीं, बल्कि बृजनगर की आत्मा को सशक्त करना है। एमडीआर सड़क आर्थिक प्रगति की धुरी बनेगी, तीर्थ स्थलों का विकास हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करेगा और पेयजल परियोजना से अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचेगा। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि एक ही दिन में सड़क, पानी और पर्यटन से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति सरकार की विकास-प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का प्रमाण है। यह कदम बृजनगर के कायाकल्प की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## गांव बिसखोरी में जंगली जानवर का कहर, 20 भेड़-बकरियों को बनाया शिकार



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** बयाना क्षेत्र के गांव बिसखोरी दमदमा में बीती रात एक अज्ञात जंगली जानवर ने आतंक मचा दिया। जानवर के हमले में एक पशुपालक के बाड़े में बंधी करीब 20 भेड़-बकरियों की मौत हो गई, जबकि दो-तीन अन्य भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय निवासी वीरभान इमलिया ने बताया कि यह घटना गांव बिसखोरी निवासी सीताराम गुर्जर के पशु बाड़े में हुई। जंगली जानवर ने भेड़-बकरियों के गले पर वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। वार के तरीके को देखते हुए ग्रामीणों को पैंथर के हमले की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना देते हुए एसडीएम, तहसीलदार और वन विभाग से जंगली जानवर को शीघ्र पकड़ने तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। जंगली जानवरों की बढ़ती गतिविधियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो पशुधन के साथ-साथ ग्रामीणों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। इस संबंध में वन विभाग के रेंजर हरभान सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर विभागीय टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। जंगली जानवर की निगरानी के लिए आसपास के क्षेत्र में वन विभाग की टीम तैनात कर दी गई है। पगमार्क और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जंगली जानवर की पहचान की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को रात के समय सतर्क रहने, पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग को देने की सलाह दी गई है।

## भारत की आईटीआई कमेटी में प्रवीण फौजदार मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार ने कौशल विकास हेतु स्कूल डवलपमेंट के चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं देश की आईटीआई में चल रहे कौशल प्रशिक्षण कोर्सों को युवाओं के लिए रोजगारान्मुखी बनाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कौशल विकास मंत्रालय विभिन्न नवाचार कर रहा है। जिसके लिए देश विदेश के एक्सपर्ट्स से तालमेल बिठाकर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में तेजी लाने के उद्देश्य से कौशल विकास मंत्रालय की इस क्षेत्र में रणनीति व सुझाव हेतु एक राष्ट्रीय स्तर पर सलाहकार समिति का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष स्वयं केन्द्रीय कौशल विकास मंत्री भारत सरकार सभीप्रान्तों के कौशल व स्किल डवलपमेंट मंत्री प्रमुख उद्योग समूह के एक्सपर्ट देश के तमाम आईएएस स्तर के एक्सपर्ट अधिकारी, इस क्षेत्र में काम कर रहीं प्रतिष्ठित विदेशी कम्पनियों के प्रतिनिधियों के अलावा सभी प्रतिष्ठित ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल किये गये हैं। समस्त भारत की आईटीआईयों के प्रतिनिधि के रूप में इस कमेटी में राजस्थान के भरतपुर जिले से श्रीमति कमलेश आईटीआई के डायरेक्टर प्रवीण फौजदार को उक्त कमेटी में मनोनीत किया गया है। निश्चित रूप से यह भरतपुर व राजस्थान के लिए गौरवान्वित करने वाला निर्णय है।

## भरतपुर के बॉक्सर निशांत अंतर्राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प में चयनित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** नेशनल सेन्टर ऑफ एक्सीलैंसी रोहतक (हरियाणा) में ट्रायल के आधार पर चयन प्रक्रिया में भरतपुर जिले के मुक्केबाज निशांत शर्मा पुत्र प्रशान्त शर्मा का अन्तर्राष्ट्रीय टेर्अनिंग कैम्प में चयन हुआ। निशांत शर्मा वर्तमान में गत दो वर्षों से स्पोर्टस एर्थोरिटी ऑफ इण्डिया के जोधपुर सेन्टर पर कोच पवन शैलके के अधीनस्थ नियमित प्रशिक्षण कर रहे हैं। साईं कोच पवन गेलके ने बताया कि यह टेर्अनिंग कैम्प आयरलैण्ड के एडेन्डरी बॉक्सिंग क्लब में 27 जनवरी से 7 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। निशान्त को भरतपुर बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष भगतसिंह सूरौता, भरतपुर बॉक्सिंग संघ सचिव डॉ. संदीप देशवाल, भरतपुर बॉक्सिंग संघ के पूर्व अध्यक्ष सुभाष मदेरणा, सांई बॉक्सिंग कोच मोहम्मद साजिद, के.के. बॉक्सिंग एकेडमी संचालक कृष्णकुमार शर्मा, राजस्थान पुलिस बॉक्सिंग कोच सहायक उपनिरीक्षक मनीषा चाहर, तेजेन्द्र कुन्तल अभौर्रा, डॉ. देवेन्द्र सिंह चिकसाना आदि ने शुभकामनाएँ दीं।

# युवा संबल मेले में युवाओं के सपने हुए साकार

# एक हजार से अधिक युवाओं का हुआ चयन

## संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने शुभारम्भ कर सौंपे नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर बुधवार को एमएसजे खेल मैदान में आयोजित किये गये युवा संबल मेला जिले के युवाओं के सपनों को साकार करने वाला साबित हुआ। एक दिवसीय मेले में 44 से अधिक कम्पनियों में लगभग 1159 युवाओं को विभिन्न पदों पर जॉब लेटर प्रदान किये गये।

युवा संबल मेले का संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया एवं जिला कलक्टर कमर चौधरी ने माँ सरस्वति के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर मेले का शुभारम्भ किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों एवं निजी कम्पनियों की स्टॉलों का निरीक्षण कर युवाओं को लाभान्वित करने के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं का घर बैठे रोजगार प्रदान करने की इस पहल से जिले में हजारों युवाओं के सपने साकार हुए है। उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के माध्यम से देश सेवा के लिए तैयार करने के लिए यह अच्छा माध्यम साबित हो रहा है। विभिन्न कम्पनियों में जॉब के साथ अप्रिन्टस के रूप में भी युवाओं का चयन किया गया है जिससे उनकी क्षमता का सही उपयोग हो सकेगा तथा कौशल में निखार आयेगा।



जिला कलक्टर ने कहा कि युवा संबल मेला युवाओं की प्रतिभा निखारने एवं उनकी क्षमताओं की पहचान कर देश सेवा में भागीदारी का प्रमुख मंच साबित हो रहा है। इसमें कौशल एवं उद्यमिता की पहचान कर विभिन्न कम्पनियों में मौके पर रोजगार प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर एडीसी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, गिरधारी गुप्ता, रूपेन्द्र सिंह, संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

कौशल एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त निदेशक मुख्यालय श्यामलाल ने युवा संबल मेले आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप निदेशक कौशल एवं उद्यमिता विभाग रघुवीरसिंह मीना ने बताया कि मेले में भरतपुर, नीमराणा, भिवाड़ी, कोटा, टपूकड़ा, खुशखेड़ा, शाहजहाँपुर, अलवर, गुरुग्राम एवं नोएडा सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से लगभग 44 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर 2342 रिक्तियों पर 4086 युवाओं ने ऑनलाई पंजीयन करया, 1410 युवाओं ने ऑनलाईन पोर्टल पर मेले में उपस्थिति दर्ज कराई तथा 1159 पात्र बेरोजगार आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया।

**युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र**-संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर ने युवा संबल मेले में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, अधिकतम पैकेज 5.80 लाख रूपये रहा। टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड में चयनित नंगला चूरामन निवासी गोपेश कुमार को तथा भरतपुर निवास गौरव कुमार को जॉब लेटकर प्रदान कर शुभकामनाएं दी। दोनो युवा आईटीआई करने के बाद लम्बे समय से रोजगार की तलाश में थे। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक राजनगर शाखा से पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी श्रीमती ज्योति पत्नी सुरेन्द्रपाल, श्रीमती जयश्री पत्नी योगेश कुमार तथा दिनेश चंद्र को स्वीकृत 15-15 हजार रूपये के चैक प्रदान किये।

## सैंपऊ के कोचिंग सेंटर से 6 छात्र गायब

### पुलिस ने 3 बच्चों को ढूंढा, अन्य 3 घर पहुंचे; परिजनों और कोचिंग संचालक से पूछताछ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** सैंपऊ के झीलरा स्थित एक आवासीय कोचिंग सेंटर से बीती रात छह छात्र अचानक गायब हो गए। पुलिस ने इनमें से तीन छात्रों को ढूंढ लिया है, जबकि अन्य तीन अपने घर पहुंच गए हैं।

यह घटना गुरुकुल नवोदय कोचिंग एंड लर्निंग सेंटर में हुई, जो आवासीय सुविधा भी प्रदान करता है। छात्रों के गायब होने की सूचना मिलते ही परिजन रात में ही कोचिंग सेंटर पहुंचे। उन्होंने बच्चों की तलाश शुरू की, लेकिन रात भर उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने कोचिंग सेंटर पर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार कुछ छात्र महुआ खेड़ा कंचनपुर थाना क्षेत्र में मिले। पुलिस उन्हें थाने ले आई। थाना प्रभारी रविंद्र रावत ने तीन छात्रों से पूछताछ की। इस दौरान छात्रों के परिजन और कोचिंग संचालक भी थाने पहुंच गए।

वहीं, अन्य तीन छात्रों के अपने-अपने घर पहुंचने की सूचना है। पुलिस इस पूरे मामले को लेकर छात्रों के परिजनों और कोचिंग संचालक से पूछताछ कर रही है।

## मत्सूरा जीएसएस पर लगा डिस्कॉम का शिविर

### 80 उपभोक्ताओं के बिजली बिल में संशोधन,छह लाख से अधिक का आया राजस्व

### 25 ग्रामीणों ने नए कनेक्शन के लिए किया आवेदन,सोलर कनेक्शन को लेकर भी किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम द्वारा लगातार बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान और बकाया वसूली को लेकर कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। डिस्कॉम के डिवीजन एक्सईएन गोविंद सिंह के निर्देश पर बुधवार को मत्सुरा जीएसएस पर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 200 उपभोक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 80 उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में संशोधन किया गया। मौके पर 40 उपभोक्ताओं ने 6 लाख से अधिक का बकाया राजस्व जमा कराया। शिविर के दौरान 25 ग्रामीण उपभोक्ताओं ने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया है।

डिस्कॉम के एईएन आरडी मीणा ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक जीएसएस पर लगातार कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। मत्सूरा जीएसएस पर लगाए शिविर में 80 उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में संशोधन किया है। 40 उपभोक्ताओं ने 6.10 लाख का राजस्व जमा कराया है। जो उन पर बकाया चल रहा था। 25 नई कनेक्शन की फाइल जमा हुई है। मौके पर सोलर कनेक्शन को लिए भी ग्रामीण



उपभोक्ताओं को मोटिवेट किया है। डिस्कॉम के ग्रामीण जेईएन कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह शिविर लगातार आयोजित होंगे। 27 जनवरी को बाड़ी एईएन ऑफिस पर शहर के सभी उपभोक्ताओं के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बकाया के साथ बिजली बिलों में संशोधन को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं 28 जनवरी को कंचनपुर जीएसएस पर शिविर लगेगा।

## कोतवाली पुलिस की साइबर सेल टीम को मिली सफलता

### तीन महीने की मेहनत में 20 मोबाइल किए बरामद, लौटाया मालिकों को तो दिखी खुशी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस की साइबर सेल टीम ने चोरी,लूट और गुम हुए मोबाइलों को लेकर एक विशेष अभियान चलाकर सफलता हासिल की है। साइबर सेल के डेस्क प्रभारी कांस्टेबल वेदांत शर्मा और पुलिस टीम की इस मुहिम में 20 मोबाइलों को बरामद किया गया है।जिनमें से कुछ मोबाइलों को उनके मालिकों को थाने पर बुलाकर सीओ महेंद्र कुमार ने जब उनके सुपुर्द किया तो उपभोक्ताओं के चेहरों पर खुशी छा गई। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई के लिए धन्यवाद भी दिया। सीओ महेंद्र कुमार ने बताया की लगातार हो रही मोबाइल चोरी,लूट और गुम होने के मामलों में धौलपुर एसपी विकास सांगवान के विशेष निर्देश



पर बाड़ी कोतवाली थाने पर लगाए गए कांस्टेबल वेदांत शर्मा की साइबर टीम ने उक्त कार्रवाई को बड़ी मेहनत से अंजाम दिया है। कांस्टेबल वेदांत शर्मा और पुलिस टीम ने करीबन 3 महीने की अथक मेहनत में 20 मोबाइलों को बरामद किया है। जिनकी कीमत साढे तीन लाख रुपए के करीब है। यह सभी मोबाइल एंड्राइड है जो अलग-अलग कंपनियों के हैं। इनके मालिकों को कांटेक्ट कर थाने पर बुलाया गया। आईडी लेकर मैं वापस किए जा रहे है। 09 मोबाइलों को वापस किया जा चुका है। जो बचे है उनके मालिकों को भी सूचना दी गई है। कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मोबाइल चोरी लूट और गुम होने के मामले लगातार बढ़ रहे थे इस पर पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर साइबर टीम ने यह कार्रवाई की है टीम के देश के प्रभारी वेदांत शर्मा को सी ए आर पोर्टल पर शिकायत मिली थी जिन पर इन मोबाइलों को बरामद किया है लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

**इन उपभोक्ताओं को वापस किये मोबाइल**-पुलिस थाने पर सीओ महेंद्र कुमार के हाथों शहर के उपभोक्ता प्रशांत जिंदल, सक्षम मंगल, दिलीप मित्तल, पंकज शर्मा, राकेश कुमार, सोनू कुमार, जोगिंदर सिंह, राधाकिशन के साथ पप्पू को मोबाइल लौटाए गए हैं। अन्य उपभोक्ताओं को मोबाइल थाने से ले जाने के लिए सूचना दी गई है।

## बटेश्वर कला गांव में सीसी खरंजा, नाली निर्माण का विरोध

### ग्रामीणों का आरोप ठेकेदार कर रहा मनमर्जी, नहीं दिया जा रहा [ ालिटी पर ध्यान,



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के बटेश्वर कला गांव में सीसी कारंजा एवं नाली निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग बाड़ी द्वारा संवेदक के माध्यम से कराया जा रहा है। उक्त कार्य में अनियमितता और घटिया क्वालिटी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य में ठेकेदार मनमर्जी कर रहा है। कार्य की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर उन्हें धमकी भी दी जा रही है।

गांव बटेश्वर कला निवासी ग्रामीण निरंजन लाल शर्मा, कैलाश, ऋषि शर्मा, नीरज शर्मा, दिनेश शर्मा, बबलू, राजेंद्र, पुनीत, रमाकांत आदि ने आरोप लगाया है गांव में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सीसी खरंजा और नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है। एस्टीमेट के मापदंडों के विपरीत कार्य हो रहा है। संवेदक द्वारा कार्य में मनमर्जी की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। उक्त कार्य की जांच के लिए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर धौलपुर को शिकायत की है साथ में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर शहर में फूड सेफ्टी विभाग की कार्यवाही,

### बारहमासी पीपल के पास सरसों तेल मील से लिया सेम्पल,अशोक ट्रेडर्स से मैदा का नमूना



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को शहर में दो स्थानों पर कार्रवाई की है। खाद्य निरीक्षक पदम सिंह परमार के नेतृत्व में टीम ने बारहमासी पीपल के पास रघुनाथ तेल मिल से 400 किलो सरसों तेल जब्त किया और अशोक ट्रेडर्स के गोदाम से 650 किलो मैदा जब्त की। दोनों स्थानों से सैंपल भी लिए गए हैं।

खाद्य निरीक्षक पदम सिंह परमार ने बताया कि यह कार्रवाई जिला कलेक्टर के निर्देश पर की गई। रघुनाथ तेल मिल के खिलाफ 181 सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज हुई थी, जिसकी जांच के लिए टीम ने गोदाम का निरीक्षण किया। सरसों तेल का सैंपल लिया गया है और खराब होने की आशंका के चलते 400 किलो तेल जब्त किया गया है। सैंपल रिपोर्ट आने तक तेल जब्त रहेगा।

## शाबान माह की चांद पर दीवाना शाह दरगाह कपासन परिसर आमीन-आमीन की सदाओं से गुंजायमान हुआ



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर शाबान माह की चांद रात के मौके पर मंगलवार सांय चांद का दीदार होते ही मेहमानाने दीवाना पिया के नारो से दरगाह परिसर गुंजायमान रहा। दीवाना शाह दरगाह कपासन ऑफिस के सैक्रेट्री शफी मोहम्मद छीपा ने बताया कि चन्द्र दर्शन के मौके पर सुबह से जायरीने दीवाना की रेलमपेल के साथ आवक शुरू हो गयी।यहां दर्शन हेतु बुलंद दरवाजा तक कतारे लगी तथा दरगाह के मेला परिसर मे करीब 300 से अधिक अस्थाई प्रतिष्ठान लगे।जहां आगंतुक जायरिनों द्वारा बढ़चढकर खरीददारी की गयी। इस दौरान दरगाह में मिन्नत के धागे बांधने तथा मिन्नत पुरी होने पर गुड़,खोपरा,फलों से बच्चो को तोला गया।साथ ही मिलाद ख्वा हजरात द्वारा महफिले मिलाद पढ़ी एवं कव्वाल हजरात द्वारा कलाम पेश किये गये। इधर बुलन्द दरवाजा के बाहर पार्किंग स्थल वाहनो से लबालब रहा तथा सांयकाल चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की गयी।जिस पर आमीन-आमीन की सदाओं से दीवाना शाह दरगाह परिसर गुंजायमान हो उठा।

## अपनी जड़ों से जुड़कर भावुक हुई पूर्व छात्रा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय की पूर्व छात्रा शिखा ओस्तवाल, धर्मपत्नी प्रसिद्ध रियल एस्टेट डेवलपर एवं समाजसेवी गिरीश ओस्तवाल (भीलवाड़ा), ने सपरिवार महाविद्यालय परिसर का अवलोकन किया। परिसर में हुई भौतिक प्रगति, शैक्षणिक वातावरण एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को देखकर वे अभिभूत नजर आईं और महाविद्यालय की उन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## अम्बेडकर कॉलोनी में सेवा कार्यक्रम, जरूरतमंदों को शॉल वितरण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के पावन सानिध्य एवं हरि सेवा धाम के तत्वावधान में अम्बेडकर कॉलोनी में एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत श्री गोविंद जी साईं एवं संत श्री सिद्धार्थ जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सर्दी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जरूरतमंद लोगों को शॉल वितरित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को ठंड के मौसम में सहयोग देना तथा सेवा, करुणा और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। संतों के सानिध्य में आयोजित इस सेवा कार्य में सामाजिक समरसता और सेवा भाव की प्रेरक झलक देखने को मिली। सेवा कार्यक्रम में छीतर मल गेंगट, पुरण लोट, महावीर गेंगट, रामगोपाल संगत, राकेश गेंगट, विशाल गारू, सुनील सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संतों ने उपस्थित जनसमूह को आशीर्वचन प्रदान किए तथा समाज में सेवा और सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत करने का संदेश दिया।

## आईआईएस यूनिवर्सिटी जयपुर से दीपा सिंह ने प्राप्त की पीएचडी (डॉक्टरेट) उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** आईआईएस यूनिवर्सिटी जयपुर से दीपा सिंह ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्राप्त की है। दीपा सिंह (जयपुर) द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से अपना शोध कार्य पूर्ण किया गया।जिसमे शोध विषय 'एडॉप्शन ऑफ न्यू मीडिया इन प्रोग्रेसिव फार्मिंग विद स्पेशल रेफरेंस टू रूरल जयपुर' रहा।जो कृषि संचार एवं डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है।दीपा सिंह द्वारा उक्त शोध कार्य को पर्यवेक्षक डॉ. शिप्रा माथुर एवं सहपर्यवेक्षक डॉ. शैलजा के. जुनेजा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। उल्लेखनीय है कि अपने शोध के दौरान दीपा सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगतिशील किसानों द्वारा न्यू मीडिया के उपयोग,सूचना-प्रसार,कृषि नवाचारों का संचार तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की भूमिका का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया।जयपुर निवासी दीपा सिंह द्वारा शोध कार्य पूर्ण



### मजदूरों के हक पर हमला बर्दाश्त नहीं

# ब्यावर में राष्ट्रीय श्री सीमेंट मजदूर संघ की कार्यकारिणी बैठक, श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ हुंकार

**श्रम कानूनों में बदलाव व मनरेगा पर प्रहार के विरोध में आंदोलन की रूपरेखा तय, कांग्रेस-इंटक ने श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का भरोसा दिलाया**



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर में राष्ट्रीय श्री सीमेंट मजदूर संघ की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिक हितों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा अपनाई जा रही श्रमिक विरोधी नीतियों और श्रम कानूनों में किए गए बदलावों के खिलाफ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अध्यक्ष किशोर चौधरी मुख्य अतिथि रहे, जबकि महेंद्र चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान इंटक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने की। कार्यसमिति ने प्रस्ताव में कहा कि नए श्रम कानून मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर रहे हैं, जिससे संगठित व असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिक प्रभावित हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा, रोजगार स्थायित्व और न्यूनतम अधिकारों पर सीधा प्रहार हो रहा है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा मुख्य अतिथि किशोर चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों का लगातार विरोध कर रही है और आगे भी श्रमिक संगठनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

बैठक में आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सरकार पर जनदबाव बनाया जा सके। कार्यक्रम को ब्यावर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी मनोज चौहान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. एस.सी. जैन, ओबीसी प्रकोष्ठ महासचिव महेंद्र चौहान, ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका, भुवनेश शर्मा, शैलेश शर्मा सहित अनेक कांग्रेस नेताओं व श्रमिक प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। इस अवसर पर मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने के निर्णय के विरोध में इंटक कांग्रेस ने पुरजोर आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही 'मनरेगा बचाओ' पोस्टर का विमोचन किशोर चौधरी (जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, ब्यावर), दिनेश शर्मा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, इंटक कांग्रेस), मनोज चौहान, अशोक रांका (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर), महेंद्र चौहान (सरपंच, बर), डॉ. एस.सी. जैन, हुसैन काठात, श्रवण काठात, भुवनेश शर्मा, उस्मान काठात, विजय चौहान, सलीम काठात, हनुमान जांगिड़, सरदारा काठात, जब्बार काठात, अशरफ काठात, गोविंद मेघवंशी, हामिद काठात, रज्जाक काठात, सुलेमान काठात, मजीद काठात, ध्यानु काठात, मकबूल काठात, इस्माईल काठात, दरियाव काठात, रामस्वरूप सेवलिया, प्रवीण जैन, राजेश शर्मा, राजेन्द्र तुनगरिया, देवकरण शर्मा सहित उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया।

## नीति आयोग की एंपावर्ड कमेटी की बैठक में निंबाहेड़ा ब्लॉक का सोलर प्रोजेक्ट चयनित

### विधायक कृपलानी की अनुशंसा पर ब्लॉक के 80 विद्यालयों में सोलर पैनल के लिए 251 लाख की राशि स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** नीति आयोग के आशान्वित जिला एवं आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की 48वीं एंपावर्ड कमेटी की बैठक नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में 20 जनवरी 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक में चित्तौडग़ढ़ जिले से जिला कलेक्टर आलोक रंजन, मुख्य आयोजना अधिकारी विक्रम पोसवाल तथा नीति आयोग के एबीएफ राधाकिशन शर्मा ने भाग लिया। जिला कलेक्टर ने बैठक में जानकारी दी कि पिछड़े क्षेत्रों के समग्र और तेज विकास के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 7 जनवरी 2023 को महत्वाकांक्षी आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चित्तौडग़ढ़ जिले से एकमात्र निंबाहेड़ा ब्लॉक का चयन किया गया है। नीति आयोग द्वारा आशान्वित ब्लॉकों में नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देशभर से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। इसी क्रम में पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अनुशंसा पर आशान्वित ब्लॉक निंबाहेड़ा के 80 सरकारी विद्यालयों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का प्रस्ताव भेजा गया था। एंपावर्ड कमेटी द्वारा इस प्रस्ताव का चयन करते हुए करीब 2 करोड़ 51 लाख 12 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई। विधायक कृपलानी ने बताया कि इस परियोजना के तहत निंबाहेड़ा ब्लॉक के 28 विद्यालयों पर 3 केवी तथा 52 विद्यालयों पर 5 केवी क्षमता के सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे विद्यालयों के विद्युत खर्च में प्रतिवर्ष लगभग 18 लाख रुपये की बचत होगी, जिसे विद्यालयों के अन्य विकास एवं शैक्षणिक कार्यों में उपयोग किया जाएगा। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में सहायक बनेगी। इस अवसर पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि निंबाहेड़ा ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों में सोलर पैनल लगाने की यह योजना शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती देगी।

## विधायक कोठारी ने सुभाष नगर स्कूल के खेल मैदान का किया निरीक्षण

### खेल सुविधाओं के विकास के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश, मल्टी-स्पोर्ट्स इनडोर परिसर होगा विकसित

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने गायत्री नगर, मालोला रोड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर के खेल मैदान का यूआईटी एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर के खेल मैदान को शीघ्र विकसित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि सुभाष नगर विद्यालय में लगभग 1400 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें से करीब 80 प्रतिशत विद्यार्थी पटरी पार क्षेत्र से आते हैं। वर्तमान में विद्यालय में इंडोर गेम्स की समुचित सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए विधायक कोठारी ने खेल मैदान के समतलीकरण एवं भराव कार्य, चारदीवारी निर्माण तथा आधुनिक मल्टी-स्पोर्ट्स इनडोर गेम्स परिसर के निर्माण के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध हो सके।

विधायक कोठारी ने कहा कि 'खेलेंगे तो खिलेंगे' के उदघोष के साथ विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत भीलवाड़ा शहर के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार से डीएमएफटी फंड की स्वीकृति प्राप्त कर शहर के सभी सरकारी विद्यालयों में खेल मैदानों के विकास की कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## पंचायत समिति कपासन के विभिन्न राजकीय विद्यालयों हेतु 5 करोड़ 16 लाख के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** डिस्ट्रिक मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट चित्तौडग़ढ़ द्वारा पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों के लिये 5 करोड़ 16 लाख रू. के विभिन्न विकास कार्यों के लिये स्वीकृति जारी की गयी है। भाजपा नगर मंडल कपासन अध्यक्ष राज वियजवर्गीय ने बताया कि विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अभिशंषा पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चतर्भुजपुरा के लिए 22 लाख रू.,राउमा विद्यालय तुर्कियाखुर्द हेतु 25 लाख रू.,राउमा विद्यालय करूंकड़ा हेतु 25 लाख रूपये,राउप्रा विद्यालय कल्याणपुरा 20 लाख,राजकीय उप्रा विद्यालय भीमखण्ड 35 लाख,राजकीय उमा विद्यालय करजाली 52 लाख,घीसूलाल कोठारी राजकीय माध्यमिक विद्यालय कचहरी कपासन हेतु 26 लाख,राजकीय उप्रा विद्यालय रामथली 52 लाख, राउमा विद्यालय उचनारकलां 80 लाख,राजकीय उप्रा विद्यालय नारियां के लिए 10.43 लाख रू. स्वीकृत हुवे है। इधर ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा ने बताया कि विधायक अर्जुनलाल जीनगर की अभिशंषा पर भवानीशंकर नंदवाना राजकीय बालिका उमा विद्यालय कपासन सहित क्षेत्र के 31 विद्यालयों के लिये 1 करोड़ 69 लाख से जीर्णोद्धार कार्यों की स्वीकृति जारी हुई है।

## राजस्व प्रकरणों को ऑनलाइन पेश करने के निर्णय का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

### निर्णय वापस नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** राजस्व न्यायालयों में प्रस्तुत होने वाले वाद/प्रकरणों को ऑनलाइन पेश किए जाने के सरकारी निर्णय के विरोध में जिला अभिभाषक संस्था के अधिवक्ताओं ने कड़ा ऐतराज जताया है। जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा के अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व मण्डल अजमेर के अध्यक्ष को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए उक्त निर्णय को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो अधिवक्ता समुदाय को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली उपस्थित रहे।

रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर ने बताया कि राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने का निर्णय बार संघ के अध्यक्ष/सचिव से पूर्व विचार-विमर्श किए बिना लिया गया है। साथ ही रेवेन्यू कोर्ट मैनुअल में आवश्यक संशोधन किए बिना इसे लागू करना कानूनी प्रावधानों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि इस एकतरफा निर्णय से राजस्थान के काश्तकारों, विशेषकर गरीब किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, प्रक्रिया में अनावश्यक जटिलताएं बढ़ेंगी और अधिवक्ता समुदाय के अधिकारों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## जानलेवा बन वंडर सर्किल ब्रिज का चौराहा आए दिन हो रहे हादसे



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा(प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा क्षेत्र मे चित्तौडग़ढ़ से निम्बाहेड़ा आने वाले सर्विस लाइन्स स्थित वंडर सर्किल मौत का मार्ग साबित हो रहा है। सर्किल पर बड़े बड़े खड्डे, सडक़ सुरक्षा नियमों की घोर उपेक्षा और सम्बंधित विभागों की लापरवाही के चलते ये दुर्घटनाओ का गढ़ बन चुके है हाईवे के मिलन बिन्दुओ पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, डिवाइडर, गति नियंत्रण बोर्ड या रात के लिये रिफ्लेक्टर जैसे किसी भी सुरक्षा संकेतक का नदारद होना और बड़े बड़े खड्डे बड़े हादसों का कारण बन रहे है । इस नेशनल हाईवे वंडर सर्किल पर पहले भी कई दुपहिया वाहन चालक इन खड्डो मे गिरकर चौटिल हो चुके है । बड़े हादसों के बावजूद हाईवे का जिम्मेदार विभाग आँखे मुंदे बैठा है और ये सर्किल पहले की तरह राहगीरो को मौत का खुला न्योता दे रहे है।

### युवा पीढ़ी में विवेकपूर्ण बचत की प्रवृत्ति जरूरी-डॉ. आई एम सेठिया

## अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने कपासन में किया रजत सक्रांति महोत्सव का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की कपासन शाखा द्वारा रजत जयंती सक्रांति महोत्सव का विधायक अर्जुनलाल जीनगर एवं अर्बन बैंक अध्यक्ष डॉ. आई एम सेठिया के मुख्य आतिथ्य सहित बैंक उपाध्यक्ष शिव नारायण मानधना,निदेशक कल्याणी दीक्षित,वरिष्ठ सहकारी कार्यकर्ता अशोक चंडालिया,जीएसएस कपासन अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय आदि गणमान्यजनों की उपस्थिति में आयोजन किया गया ।जिसमे विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कहाकि भारतीय संस्कृति अनुसार सहकारिता एक संस्कार है तथा अर्बन बैंक द्वारा युवा पीढ़ी में उक्त संस्कार को जगाने का सराहनीय प्रयास किया है। इधर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा कपासन द्वारा आयोजित रजत जयंती महोत्सव को अर्बन बैंक अध्यक्ष डॉ. आई एम सेठिया ने अर्बन बैंक की स्थापना एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी में बताया कि युवा पीढ़ी में अनावश्यक खर्च प्रवृत्ति बढ़ रही हे ।जिससे बचत की प्रवृत्ति कम हो रही है ।इस हेतु अर्बन बैंक द्वारा युवा पीढ़ी को बैंक से जोडक़र सहकारिता के माध्यम से बचत की प्रवृत्ति बढ़ाने के लिए प्रयत्न किया जा रहा है ।साथ ही डॉ. सेठिया ने कहाकि ग्राहकों के विश्वास को ही पूंजी मानकर कार्य करने का परिणाम ही बैंक की प्रगति का मुख्य आधार हे ।बैंक ने मोबाइल बैंकिंग सहित आधुनिक तकनीकी माध्यम से राष्ट्रीय कृत व निजी बैंको के समकक्ष सेवाएं प्रदान करने का पूर्ण प्रयास किया है ।इस दौरान अर्बन बैंक अध्यक्ष डॉ. आई एम सेठिया ने अर्बन बैंक को मध्यम वर्ग का बैंक बताते हुवे न्यूनतम ब्याज दर पर 2 करोड़ तक के ऋण स्वीकृत करने की प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी दी। अर्बन बैंक प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी द्वारा बैंक सेवाओं संबंधी जानकारी से अवगत कराया तथा वरिष्ठ समाजसेवी अशोक चंडालिया द्वारा बैंक के कार्यकलापों की सराहना की गयी। इस अवसर पर राजेश अवस्थी,दामोदर चेचानी, प्रबंधक हितेश चतुर्वेदी,दिलीप बारेगामा,विकास बारेगामा,अशोक वैष्णव,रोहित सिंह,सत्यनारायण सोमानी,सत्यनारायण पलोड,प्रवीण कोठरी,राधेश्याम वैष्णव,भागीरथ खटीक,बालेंद्र कोठरी,कुलदीप बारेगामा,नंदकिशोर गर्ग,अख्तर हुसैन,ललिता दाधीच, रमेश दाधीच,अनिल जैन आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे ।उक्त कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल एवं आभार महाप्रबंधक प्रशासन जे.पी. जोशी द्वारा व्यक्त किया गया।

# सोना पहली बार 1.5 लाख पार, 6,818 बढ़ा

## 21 दिन में 21 हजार महंगा हुआ; चांदी 10 हजार बढ़कर 3.19 लाख पर पहुंची



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत 21 जनवरी को 1.50 लाख रुपए पार कर गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना आज 1,55,204 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला था। हालांकि इसके बाद इसके दाम में थोड़ी गिरावट आई और ये 6,818 रुपए बढ़कर 1,54,227 रुपए पर बंद हुआ। सोना इस साल अब तक 21,032 रुपए महंगा हो चुका है। कल ये 1,47,409 रुपए पर था।

वहीं 1 किलो चांदी आज 3,20,075 रुपए किलो पर ओपन हुई थी। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में भी थोड़ी कमी आई और ये 9,752 रुपए बढ़कर 3,19,097 रुपए पर बंद हुई। इससे पहले कल ये 3,09,345 रुपए पर थी। चांदी इस साल सिर्फ 21 दिनों में ही 88,677 रुपए महंगी हो चुकी है। सोने-चांदी के दाम लगातार तीसरे दिन अपने ऑलटाइम हाई पर हैं।

# पाकिस्तान ने कुपवाड़ा बॉर्डर पर 2 राउंड फायरिंग की

## सेना ने जवाब दिया, जवान यहां हाईटेक CCTV लगा रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से 2 राउंड फायरिंग की गई। घटना केरन सेक्टर में मंगलवार देर रात हुई। सेना के सूत्रों के मुताबिक 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान केरन बाला इलाके में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे। इसी दौरान फायरिंग की गई। सीजफायर उल्लंघन पर भारतीय सेना ने भी जवाब दिया। फायरिंग के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग घुसपैठियों की मदद के लिए की गई होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कठुआ में मंगलवार रात भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया था। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किए थे। इसके अलावा रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया।

# असम के कोकराझार में सेना तैनात

## बोडो, आदिवासी समूह के बीच झड़प में 2 की मौत हुई थी, ग्रामीण घर छोड़कर भागे

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी।** असम के कोकराझार जिले में बुधवार को सेना तैनात कर दी गई है। मंगलवार को यहां बोडो और आदिवासी समुदायों के बीच झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद यहां हिंसा भड़क गई। हमलों की आशंका के चलते कई ग्रामीण अपना घर छोड़कर भाग गए हैं। रक्षा प्रवक्ता ने न्यूज एजेंसी को बताया कि सेना के जवानों ने मंगलवार रात करिगांव और उसके आसपास के इलाकों में गश्त की। बुधवार को इलाके में फ्लैग मार्च भी किया। प्रवक्ता के अनुसार, इस समय जिले में सेना की कुल चार टुकड़ियां तैनात हैं। स्थिति अब नियंत्रण में है। रैपिड एक्शन फोर्स पहले से ही इलाके में मौजूद है। पूरे कोकराझार जिले में निषेधाज्ञा लागू है। कोकराझार और चिरांग जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं भी सस्पेंड हैं।

# महंत नृत्यगोपाल दास लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती

## राममंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ी थी

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों ने उनके कुछ टेस्ट कराएं हैं। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद उसी के हिसाब इलाज शुरू किया जाएगा। 87 साल के नृत्य गोपाल दास को सोमवार रात से उल्टी-दस्त हो रहे थे। बुधवार सुबह श्रीराम अस्पताल के रिटायर्ड डॉक्टर एसके पाठक ने उनका चेकअप किया था। फिर उन्हें मेदांता रेफर कर दिया था। जानकारी के मुताबिक, महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। श्रीराम हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने बताया- महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी।

# अरावली में रोक के बाद भी अवैध खनन : सुप्रीम कोर्ट

## इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे; रोकने के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अरावली पहाड़ियों पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि रोक बावजूद भी अवैध खनन चल रहा है। इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे।

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि खनन रोकने के लिए विशेषज्ञों की एक एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से गारंटी ली कि अरावली क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन नहीं होने दिया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट लाइव

**बेंच :** पहले जारी अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

**सीजेआई :** कुछ तरह की अवैध गतिविधियां अब भी जारी हैं। अवैध खनन से ऐसे हालात बन सकते हैं, जिन्हें सुधारा नहीं जा सकेगा।

**सीजेआई :** नई रिट याचिकाएं दाखिल न करें। हमें पता है कि ये याचिकाएं क्यों दायर की जा रही हैं।

**वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल (हस्तक्षेप याचिकाकर्ता की ओर से :** हम अरावली का इतिहास जानते हैं। इसकी परिभाषा के पीछे विज्ञान होना चाहिए।

**सीजेआई :** हमें अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की जरूरत है। सभी लोग नाम सुझाएं। हम चरणबद्ध तरीके से एक्सपर्ट्स की टीम बनाएंगे।

**कपिल सिब्बल:** कृपया 30 मिनट की प्रारंभिक सुनवाई हो। हिमालय और अरावली जैसी पर्वतमालाओं को परिभाषित नहीं किया जा सकता। इनमें टेक्टोनिक मूवमेंट होते रहते हैं।

**एक अन्य वकील:** हम कोर्ट के सुओ मोटो आदेश का स्वागत करते हैं। हमने किसानों के साथ जमीनी स्तर पर काम किया है, जियो-टैगिंग भी की है।

**सीजेआई:** 29 दिसंबर 2025 के आदेश के संदर्भ में, कोर्ट के सामने एक व्यापक नोट और अहम सवाल रखे जाएंगे, ताकि सही फैसला लिया जा सके।

**सीजेआई:** राजस्थान सरकार की ओर से के.एम. नटराजन ने कहा है कि राज्य तुरंत सुनिश्चित करेगा कि प्रदेश में कोई अवैध खनन न हो।

**सीजेआई:** कपिल सिब्बल की ओर से दायर अंतरिम आवेदन मंजूर किया जाता है।

### कोर्ट ने पहले छोटी पहाड़ियों पर खनन का आदेश दिया, फिर वापस लिया था

सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को जारी आदेश में 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन के आदेश दिए थे। जिससे पूरे देश में 100 मीटर की परिभाषा को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। 29 नवंबर को अपने ही आदेश पर रोक लगा दी थी। मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट कमेटी गठित करने के निर्देश देते हुए केंद्र और अरावली के चार राज्यों (राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और हरियाणा) को भी नोटिस जारी कर इस मुद्दे पर जवाब मांगा था।



### अरावली पर्वतमाला को संरक्षण करना महत्वपूर्ण

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा- यह कोई प्रतिद्वंद्वी मुकदमा नहीं है, बल्कि अरावली पर्वतमाला का संरक्षण करना उद्देश्य है। पीठ ने कहा- 29 दिसंबर 2025 के आदेश में स्वतः संज्ञान लेते हुए जिन पॉइंट को रेखांकित किया था। उन्हें देखते हुए अरावली की परिभाषा से जुड़े वैज्ञानिक, पर्यावरणीय, भूवैज्ञानिक एवं विधिक पहलुओं की पुनः समीक्षा के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता हो सकती है।

# जनभागीदारी से जनोत्सव बनेगा उत्तर प्रदेश दिवस-2026 : सीएम योगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास की साझा चेतना के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष एक भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

**आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, प्रदेश की पहचान का उत्सव**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस को जनोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए, जिसमें प्रदेश की आत्मा हर स्तर पर दिखाई दे।

# प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन क्रैश, तालाब में गिरा

## शहर के बीचों-बीच हवा में डगमगाया, माघ मेला से 3 किमी. दूर हादसा

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट हवा में उड़ते-उड़ते डगमगाया और तालाब में गिर गया। 2 सीटर एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। हादसा बुधवार दोपहर करीब 12:20 बजे केपी कॉलेज के पीछे हुआ। यह शहर के बीचों-बीच का इलाका है। तालाब के पास स्कूल और रिहायशी कॉलोनियां हैं। यहां से माघ मेले की दूरी 3 किमी है। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, एयरक्राफ्ट क्रैश होने से पहले दोनों पायलट पैराशूट से कूद गए और तालाब में गिरे। वहां दलदल में फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला। जिस तालाब में विमान गिरा है, वहां चारों तरह जलकुंभी उगी हुई है।

एयरक्राफ्ट तक रेस्क्यू टीम पहुंच गई हैं। सेना, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ मौके पर हैं। रेस्क्यू अभियान जारी है। पीआरओ डिफेंस विंग कमांडर देबार्थों धर ने बताया, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट ने दोपहर 12:15 बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया। उन्होंने बताया, दोनों पायलटों ने सुझबूझ दिखाते हुए एयरक्राफ्ट को सुनसान इलाके में उतारा, जिससे आम लोगों की जान-माल को नुकसान नहीं हुआ। हादसे की वजह पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है।



# डिजिटल इंडिया को मजबूती, 'संपन्न' पोर्टल से पेंशन प्रक्रिया और आसान




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को बताया कि 'संपन्न' पेंशन पोर्टल को अब डिजीलॉकर से जोड़ दिया गया है। इस इंटीग्रेशन के बाद पेंशनरों को पेंशन पेमेंट ऑर्डर (ई-पीपीओ), ग्रेच्युटी पेमेंट ऑर्डर और अन्य जरूरी दस्तावेज कभी भी और कहीं से ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेंगे।

### दूरसंचार विभाग के पेंशनरों को सीधा लाभ

यह 'संपन्न' पेंशन पोर्टल कंट्रोलर जनरल ऑफ कम्युनिकेशन अकाउंट्स के कार्यालय द्वारा विकसित किया गया है। 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के तहत दूरसंचार विभाग के सभी पेंशनरों को इस सफल इंटीग्रेशन की जानकारी दे दी गई है।

### एक क्लिक में मिलेंगे जरूरी दस्तावेज

'संपन्न' पोर्टल के यूजर्स प्रत्येक सर्विस कैटेगरी में अपना पीपीओ नंबर दर्ज कर 'गेट डॉक्यूमेंट' पर क्लिक कर सकते हैं। इसके बाद सिस्टम अपने आप पेंशन सर्टिफिकेट, ग्रेच्युटी पेमेंट ऑर्डर, कम्यूटेशन पेमेंट ऑर्डर या फॉर्म-16 जैसे दस्तावेज तैयार कर देता है।

### डिजीलॉकर में सीधे सेव होंगे रिकॉर्ड

संचार मंत्रालय के अनुसार, इस इंटीग्रेशन से पेंशनर कम्यूटेशन स्वीकृति आदेश और फॉर्म-16 जैसे अहम दस्तावेज सीधे अपने डिजीलॉकर अकाउंट में प्राप्त कर सकेंगे। इससे दस्तावेजों की सुरक्षित डिजिटल स्टोरेज सुनिश्चित होगी।

# वायुसेना चीफ बोले- मॉडर्न वॉर में एयर पावर निर्णायक

## मजबूत सैन्य ताकत बनने के लिए इस पर फोकस जरूरी, ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान घुटनों पर आया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आधुनिक युद्ध में वायु सेना की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई हो या संघर्ष क्षेत्रों में ऑपरेशन, एयरफोर्स ने तेज और निर्णायक नतीजे दिए हैं।

नई दिल्ली में आयोजित 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में कई ठिकानों पर कुछ ही घंटों में हमले की क्षमता का जिक्र किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# सुनीता विलियम्स 27 साल बाद रिटायर

## दिल्ली में बोलीं-भारत आना घर वापसी जैसा, चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन पति इजाजत नहीं देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए।

सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर सेमिनार में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले।

सभी देश सहयोग के साथ आगे बढ़ें, बिल्कुल अंटार्कटिका मॉडल की तर्ज पर। सुनीता ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट ले लिया है। इसकी घोषणा NASA ने 20 जनवरी को की। उनकी रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से लागू होगी।

### सुनीता बोलीं- स्पेस से धरती देखने पर महसूस होता है कि हम सब एक हैं

60 साल की विलियम्स का आखिरी स्पेस मिशन सिर्फ 10 दिन का था, लेकिन वह साढ़े नौ महीने तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहीं। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने NASA के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए।

पहली बार वह 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गई थीं। सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवॉक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है। वह अंतरिक्ष में पहली बार मैराथन दौड़ने वाली यात्री भी बनीं।



**भारत आना घर वापसी जैसा:** भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के NDTV के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा।

**अंतरिक्ष में बिताए दिन पर:** क्या स्पेस ट्रैवल ने उनकी जिंदगी के नजरिए को बदला है, तो उन्होंने कहा- हां, बिल्कुल। जब आप धरती को स्पेस से देखते हैं, तो महसूस होता है कि हम सब एक हैं और हमें ज्यादा करीब से मिलकर काम करना चाहिए।

**अंतरिक्ष में फैले कचरे पर:** पिछले एक दशक में यह एक बड़ी चुनौती बन गई है और इसे मैनेज करने के लिए नई टेक्नोलॉजी की जरूरत है।

**अंतरिक्ष मिशन को याद किया:** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में बिताए समय और उस वक्त के चुनौतीपूर्ण दौर पर कहा, जब 8 दिन का मिशन तकनीकी दिक्कतों के कारण नौ महीने से ज्यादा का हो गया। इस दौरान ISS पर मल्टी-कल्चरल क्रू के साथ त्योहार मनाने के विजुअल्स भी दिखाए गए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।